राष्ट्रीय दैनिक

बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

जुबिन नौटियाल के फैंस के लिए ...8

दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

शनिवार, 03 दिसंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्ष: 09 अंक: 343 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

अखिलेश के बयान पर केशव मौर्य का पलटवार, उन्हें अपने विधायकों को बचाने की कोशिश करनी चाहिए

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां लगातार जारी है। इन सबके बीच अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक को बड़ा ऑफर दिया था। अब इसी पर केशव प्रसाद मौर्य ने पलटवार किया है। केशव प्रसाद मौर्य ने साफ तौर पर कहा है कि अखिलेश यादव को अपने विधायकों को बचाने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी गुंडों की पार्टी है। केशव मौर्य ने कहा कि हम समाजवादी पार्टी के विधायकों को नहीं ले रहे हैं। वही, दूसरे उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का भी बयान सामने आया है। ब्रजेश पाठक ने कहा कि अखिलेश यादव मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रहे हैं। यह ऑफर नहीं, जनता को गुमराह करने की कोशिश है। केशव प्रसाद मौर्य ने ट्वीट कर लिखा था कि सपा अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव आप न मुख्यमंत्री बन पायेंगे न बना पायेंगे,बयानों से लगता है,बौखलाएध खिसियाए ही नहीं मैनपुरी और रामपुर में पराजय देख मानसिक संतुलन भी खो चुके हैं! गुंडागर्दी,बूथ कब्जा कर नहीं पाओगे,जनता ने सपा की साइकिल को खघरिज कर दिया है! उत्तर प्रदेश के दो डिप्टी सीएम को लेकर अखिलेश ने कहा कि ये जो दो उप मुख्यमंत्री जगह जगह घूम रहे हैं। हम लोगों को अपराधी कहते हैं। उत्तर प्रदेश के दो डिप्टी सीएम को लेकर अखिलेश ने कहा कि ये जो दो उप मुख्यमंत्री जगह जगह घूम रहे हैं। हम लोगों को अपराधी कहते हैं। अखिलेश ने साफ तौर पर कहा था कि लाओ अपने 100 विधायक और 100 विधायक हमारे आपके साथ हैं। सरकार बना लो व मुख्यमंत्री बन जाओ। क्या डिप्टी सीएम बने घूम रहे हो। इसमें क्या रखा है। जो अपने विभाग के एक सीएमओ, डॉक्टर का ट्रांसफर न कर पाए। वो डिप्टी सीएम है। एक दूसरे डिप्टी सीएम हैं उनका विभाग बदल दिया। जिस विभाग के वो मंत्री बने उस विभाग का बजट ही नहीं है।

भाजपा ने अमरिंदर सिंह और सुनील जाखड़ को बनाया कार्यसमिति का सदस्य, जयवीर शेरगिल को मिली प्रवक्ता की जिम्मेदारी

नई दिल्ली। भाजपा ने आज अपनी पार्टी बना ली थी। कुछ संगठन को लेकर कुछ बड़ी नियुक्तियां की हैं। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह और पूर्व सांसद सुनील जाखड़ को भाजपा ने राष्ट्रीय कार्य समिति का सदस्य नियुक्त कर लिया है। वहीं, जयवीर शेरगिल को राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया गया है। ये तीन नाम ऐसे हैं जिन्होंने लंबे समय तक कांग्रेस में रहकर राजनीति की है। हालांकि, पिछले दिनों यह तीनों कांग्रेस से दूरी बनाने के बाद भाजपा में शामिल हो गए थे। पंजाब में मुख्यमंत्री पद से हटाए जाने के बाद अमरिंदर सिंह ने दिन पहले ही उनकी पार्टी का विलय भाजपा में हुआ था। सुनील जाखड़ ने कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा था। इसके कांग्रेस का पक्ष रखने वाले जयवीर शेरगिल ने भी कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद भाजपा में शामिल होना सही समझा था। अमरिंदर सिंह और सुनील जाखड़ के अलावा उत्तर प्रदेश से स्वतंत्र देव सिंह को राष्ट्रीय कार्यसमिति का सदस्य बनाया गया है। वही विशेष आमंत्रित राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्यों की सूची में उत्तराखंड से मदन कौशिक, छत्तीसगढ़ से विष्णु देव साय. पंजाब से एस राणा गुरमीत सिंह सोढ़ी, पंजाब से ही मनोरंजन कालिया और श्रीमती अमनजोत कौर रामूवालिया को भी इसमें शामिल किया गया है। यह नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। यह नियुक्ति भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की ओर से की गई है।

पुराने भवन में ही होगा संसद का शीतकालीन सत्र, 16 नए विधेयकों को पेश करने की योजना बना रही सरकार

नई दिल्ली। संसद का शीतकालीन सत्र 7 दिसंबर से शुरू हो रहा है। मिल रही जानकारी के मुताबिक संसद का शीतकालीन सत्र मौजूदा भवन में ही आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही है। नए संसद भवन का निर्माण कार्य पूरा होने की नवंबर की समय सीमा समाप्त हो चुकी है। हालांकि, अभी भी इस परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करने के प्रयास किए जा रहे हैं। फिलहाल खबर यह है कि सरकार की ओर से शीतकालीन सत्र में 16 नए विधेयक पेश करने की तैयारी की जा रही है। इन 16 विधेयकों में बहु राज्य सहकारी समितियों में जवाबदेही बढ़ाने और चुनावी प्रक्रिया में सुधार से संबंधित विधेयक भी शामिल है। इसके अलावा राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग विधेयक भी पेश किए जाने की संभावना जताई जा रही है। लोकसभा की ओर से जारी बुलेटिन के अनुसार, शीतकालीन सत्र के दौरान छावनी विधेयक, 2022 एक और मसौदा कानून है जिसे पेश किए जाने की संभावना है। इस विधेयक के उद्देश्यों में छावनियों में ''जीवन की सुगमता'' को बढ़ाने का प्रस्ताव भी शामिल है। इस दौरान पेश किए जाने वाले विधेयकों की सूची में पुराना अनुदान (विनियमन) विधेयक,वन (संरक्षण) संशोधन विधेयक, तटीय जलकृषि प्राधिकरण (संशोधन) विधेयक आदि भी शामिल हैं। संसद का मौजूदा सत्र पुराने ही भवन में चलेगा। हालांकि बताया जा रहा है कि कोविड महामारी की वजह के साथ–साथ रूस–यूक्रेन युद्ध और कई अन्य कारणों की वजह से संसद भवन के निर्माण कार्य में देरी हुई है। हालांकि अभी भी निर्माण कार्य काफी तेजी से किया जा रहा है। खुद केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने 4 नवंबर को अपने बयान में कहा था कि नए संसद भवन का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। आपको बता दें कि नया संसद भवन सेंट्रल विस्टा परियोजना का हिस्सा है जिसकी नींव नरेंद्र मोदी ने दिसंबर 2020 में रखी थी। दूसरी ओर विपक्ष ने संसद को लेकर रणनीति बनाने की शुरुआत कर दी है। शीतकालीन सत्र को लेकर कांग्रेस ने वरिष्ठ नेताओं की एक बैठक बुलाई है। सूत्रों ने बताया कि इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, निचले सदन में मुख्य सचेतक के. सुरेश, राज्यसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक जयराम रमेश और कुछ अन्य वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। यह बैठक कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी के आवास पर शनिवार शाम को होगी।

सलाहकार समिति की बैठक के बाद बोले राजनाथ, नौसेना और तटरक्षक बल की मजबूती तभी संभव, जब इसे हाईटेक जहाज और हथियारों से करेंगे लैस

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मुंबई में रक्षा शिपयार्ड पर रक्षा मंत्रालय के लिए सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जिस तरह से हमारे डिफेंस शिपयार्ड ने विगत वर्षों में काम किया है, वह सराहनीय है। हमारे डिफेंस शिपयार्ड ने न केवल समय पर डिलीवरी का ख्याल रखा है, बल्कि ये सभी अपने उत्पादों की गुणवत्ता में भी अग्रणी रहे हैं। हमारी समुद्री सीमाओं की रक्षा के लिए एक सशक्त नौसेना और तटरक्षक बल,आज की महत्त्वपूर्ण जरूरत है। राजनाथ सिंह ने कहा कि हमें इस बात की खुशी है कि इन शिपयार्ड में ळमड के माध्यम से वसूली में वृद्धि हो रही है जिसमें न सिर्फ घरेलू उत्पादों को प्रोत्साहन मिल रहा है, बल्कि वसूली में ज्यादा पारदर्शिता आई है। सभी शिपयार्ड के लिए डवन 2022–23 के अंतर्गत ळमड के माध्यम से वसूली बढ़ाने को कहा गया है। इसके अतिरिक्त इन शिपयार्ड के लिए कुल वसूली का 25 प्रतिशत डैडमे से करने का लक्ष्य रखा गया है। राजनाथ सिंह ने कहा कि नौसेना और तटरक्षक बल की मजबूती तभी संभव है, जब हम उन्हें अत्याधुनिक जहाज एवं हथियारों से सुसज्जित करेंगे। इस दिशा में हमारे शिपयार्ड एक अहम भूमिका निभा रहे।



श्रीनगर के शंकराचार्य मंदिर के बाहर दर्शाया गया जी–20 का लोगो, श्रद्धालुओं ने सराहा

श्रीनगर । भारत को जी–20 की अध्यक्षता मिलने पर देशभर में फैले यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थलों समेत केंद्र सरकार की ओर से संरक्षित सौ स्मारकों को सप्ताह भर के लिए रोशनी से जगमग किया गया है और इन पर प्रभावशाली समूह जी–20 के लोगो को उकेरा गया है। दिल्ली में हुमायूं का मकबरा और पुराना किला से लेकर गुजरात में मोढेरा सूर्य मंदिर और ओडिशा में कोणार्क सूर्य मंदिर से लेकर बिहार में शेरशाह सूरी के मकबरे तक ऐसे 100 स्मारकों में रोशनी की गयी है। कश्मीर की बात करें तो यहां प्राचीन और एतिहासिक शंकराचार्य मंदिर पर जब जी–20 लोगो को उकेरा गया तो वह देखते ही बन रहा था। श्रीनगर में जबरवन रेंज पर शंकराचार्य पहाड़ी के ऊपर स्थित शंकराचार्य मंदिर जिसे ज्येष्ठेश्वर मंदिर भी कहा जाता है, वहां आने वाले आगंतुक इस बात को लेकर बहुत उत्साहित दिखे कि इस मंदिर को भी मोदीजी ने जी–20 लोगो को प्रदर्शित करने के लिए चुना है। श्रीनगर में प्रभासाक्षी संवाददाता से बातचीत करते हुए श्रद्धालुओं ने कहा कि सरकार के इस फैसले से यहां आने वाले पर्यटक बड़ी संख्या में इस प्राचीन मंदिर की ओर आकर्षित होंगे।

राष्ट्रपति ने ओडिया फिल्मों की मशहूर अभिनेती झरना दास के निधन पर जताया शोक

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओडिया फिल्मों की मशहूर अभिनेत्री झरना दास के निधन पर शोक प्रकट करते हुए कहा कि ओडिया फिल्म जगत में योगदान के लिए दिग्गज अभिनेत्री को हमेशा याद रखा जायेगा। राष्ट्रपति भवन ने राष्ट्रपति मुर्मू के हवाले से ट्वीट किया, '' ओडिया फिल्मों की मशहूर अभिनेत्री झरना दास के निधन की जानकारी मिलने से दुखी हूं। ओडिया फिल्म उद्योग में योगदान के लिये उन्हें हमेशा याद रखा जायेगा। '' उन्होंने कहा, '' शोक संतप्त परिवार एवं उनके शुभचिंतकों के प्रति मेरी संवेदनाएं।'' गौरतलब है कि ओडिया फिल्मों की मशहूर अभिनेत्री झरना दास का कटक में उनके आवास पर निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वह 77 वर्ष की थीं। ओडिया फिल्म उद्योग में अपने योगदान के लिए राज्य सरकार के प्रतिष्ठित जयदेव पुरस्कार से सम्मानित दास वृद्धावस्था से संबंधित बीमारियों से पीड़ित थीं।

पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात उन्होंने अंतिम सांस ली। 1945 में जन्मी, दास ने 60 के दशक में अपने अभिनय करियर की शुरुआत की और श्री जगन्नाथ , नारी , आदिनामेघ , हिसाबनिकस , पूजाफुला , अमादबता अभिनेत्री , मलजान्हा और हीरा नैला जैसी ऐतिहासिक फिल्मों में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए कई पुरस्कार जीते।

पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास 5 किलो हेरोइन और ड्रोन बरामद

नई दिल्ली। पंजाब के तरनतारन जिले में भारत–पाकिस्तान सीमा के पास एक खेत से पांच किलोग्राम हेरोइन के साथ एक ड्रोन बरामद किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पंजाब पुलिस और सीमा सुरक्षा बल के एक संयुक्त अभियान में छह रोटर वाला एक मानव रहित हेक्साकॉप्टर बरामद किया गया। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने ट्वीट किया, ''बीएसएफ के साथ एक संयुक्त तलाशी अभियान में तरनतारन पुलिस ने आधुनिक तकनीक से लैस एक हेक्साकॉप्टर ड्रोन और भारत–पाक सीमा के पास खेतों से 5 किलोग्राम हेरोइन के पैकेट बरामद किए हैं।'' हेरोइन ड्रोन से ही गिराई गई थी। 28 नवंबर को बीएसएफ ने अमृतसर और तरनतारन जिलों में भारत–पाकिस्तान सीमा पर दो पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया था। दो हेक्साकॉप्टर में करीब 10 किलो हेरोइन थी, जिसे बीएसएफ जवानों ने बरामद किया था।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का बड़ा दावा, गुजरात में बहुमत के साथ हमारी पार्टी बनाएगी सरकार

नई दिल्ली। गुजरात विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मियां लगातार जारी है। पहले चरण के लिए वोटिंग खत्म हो गई है। दूसरे चरण के लिए 5 तारीख को वोटिंग होगी। गुजरात में भाजपा और कांग्रेस के बीच में मुख्य मुकाबला होता रहा है। हालांकि, आम आदमी पार्टी की वजह से इस बार चुनाव काफी दिलचस्प माना जा रहा है। इन सब के बीच कांग्रेस में बड़ा दावा कर दिया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने साफ तौर पर कहा है कि गुजरात में उनकी पार्टी सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बहुमत हासिल करेगी और सरकार बनाएगी। आपको बता दें कि भले ही गुजरात में भाजपा और आम आदमी पार्टी की प्रचार काफी सुनाई दे रही है। लेकिन कांग्रेस कहीं ना कहीं जमीन पर काम करती हुई दिखाई दे रही है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी रैलियों में कहा था कि कांग्रेस गांव में घर–घर जाकर प्रचार कर रही है, ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। वैसे देखा जाए तो आम आदमी पार्टी से चुनौती मिलने के बावजूद भी भाजपा कांग्रेस पर ही जबरदस्त तरीके से हमलावर है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कांग्रेस पर बांटने की राजनीति करने का आरोप लगा रहे हैं। लेकिन यह बात भी सत्य है कि कांग्रेस इस बार गुजरात में प्रचार में थोड़ी कमजोर नजर आ रही है। इसका कारण यह भी है कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने उस तरीके से गुजरात में प्रचार नहीं किया है। अब तक गुजरात में राहुल गांधी ने सिर्फ दो रैलियों को संबोधित किया है मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुजरात में लगातार रैलियों को संबोधित किया है। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के लिए रावण जैसे शब्द का भी इस्तेमाल किया। जिसके बाद से भाजपा उनके खिलाफ जबरदस्त तरीके से हमलावर हो गई है।

जागरूकता रैली निकालकर लोगों को एड्स के प्रति किया जागरूक

बहराइच। विश्व एड्स दिवस पर आज जन आरोग्य केंद्र मिहीपुरवा से जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के द्वारा आम लोगों को एड्स के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही लोगों को असुरक्षित यौन संबंध ा और दूषित सिरिंज का उपयोग न करने के लिए जागरूक किया गयास

जिले में स्वास्थ्य कर्मियों की ओर से विश्व एड्स दिवस मनाया गया। सीएमओ डॉ सतीश कुमार सिंह के निर्देशन में जन आरोग्य केंद्र कुड़वा में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। इसके बाद जागरूकता रैली निकाली गई। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी कंचन सिंह ने बताया कि एड्स एक ऐसी बीमारी है जो एचआईवी नामक वायरस के शरीर में आ जाने से होती है। इसका फुल फार्म एक्वायर्ड एमीनों डेफिशियेन्सी सिंड्रोम होता है। एड्स से पीड़ित व्यक्ति का इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाता है। उन्होंने बताया कि एचआईवी के कारण किसी एचआईवी पीड़ित व्यक्ति का रक्त किसी नॉर्मल व्यक्ति को डोनेट करने, व असुरक्षित यौन संबंध, दूषित सिरिंज का उपयोग करने से होता है। उन्होंने बताया कि एड्स से पीड़ित व्यक्ति के साथ भेदभाव नहीं करना चाहिए। एड्स रोगी के साथ खाना खाने बैठने या छूने से नहीं फैलता है। समाज को एचआईवी ग्रसित व्यक्ति के साथ भेदभाव नहीं करना चाहिए। इस मौके पर अधीक्षक डॉ रोहित गौतम, बीसीपीएम अजय कुमार यादव, एएनएम विजयलक्ष्मी एवं समस्त आशाएं मौजूद रहे।

मोबाइल नेटवर्क की समस्या से जूझ रहे कस्बावासी

बहराइच । अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर स्थित कस्बा क्षेत्र रूपईडीहा में मोबाइल नेटवर्क की समस्या होने से मोबाइलधारी काफी परेशान हैं।

मोबाइल में नेटवर्क नहीं होने की वजह से अब लोग बीएसएनएल को नया नाम देने लगे हैं और कहने लगे है कि बीएसएनएल भीतर से लगता है, जियो का नेटवर्क वाला हो गया है अन्य मोबाइल नेटवर्क की स्थिति भी कमजोर है।रूपईडीहा के संपूर्ण क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क के स्लो नेटवर्क को लेकर उपभोक्ता आक्रोशित हैं, बड़े बड़े सब्जबाग दिखाने वाले नेटवर्क निजी कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं को उचित सेवा प्रदान नहीं किया जा रहा हैसनामी कंपनियों के टावर क्षेत्र में लगे हुए हैं। नेटवर्क स्लो रहने के साथ दिनभर लोग मोबाइल नेटवर्क से जूझते रहते हैंसजिस वजह से शासकीय, अर्द्धशासकीय,बैंक,अखबार,प्रेस, कम्प्यूटर कार्य ठप हो रहे हैं। बैंकों का लेन देन, सोसाइटी का राशन वितरण प्रभावित हो रहा है। च्वाइस सेंटर की सेवा व साध ारण बातचीत भी लोगों को नसीब नहीं हो रही है।

सरकारी संचार सेवा बीएसएनएल के टावर अधिक समय बंद रहता हैं ऐसी जानकारी उपभोक्ताओं द्वारा दी जा रही है। कस्बे के अंदर मात्र एक किलोमीटर के दायरे में नेटवर्क मिलता है। कुछ वार्ड में नेटवर्क टूट जाता है। भारी भरकम कीमत देने के बाद सेवा नहीं मिलना आक्रोश का कारण बन रहा है। मजेदार बात यह है कि सरकारी आदेश पर आनलाइन पढ़ाई व अन्य योजना का लाभ लोगो के लिए खर्च के बावजूद कोई काम का नहीं है।

डाक जीवन बीमा योजना का बढ़ा दायरा

दर्जनों जीडीएस को उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया सम्मानित

अयोध्या। पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस यानी डाक जीवन बीमा का दायरा भारतीय डाक विभाग ने बढ़ा दिया है. अभी तक कम कीमत वाली, लेकिन भरोसेमंद इस बीमा पॉलिसी को सरकारी और अर्धसरकारी कंपनियों के कर्मचारी ही ले सकते थे. भारत सरकार की गारंटीशुदा पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस को अब डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेशनल डिग्री ध ारक, मैनेंजमेंट कंसल्टेंट, चार्टर्ड एंकाउटेंट, आर्किटेक्ट, वकील, बैंकर समेत उन सभी कंपनियों के लोग खरीद सकते हैं, जिनकी कंपनी बीएसई या एनएसई में लिस्टेड है लेकिन सरकार ने अब इसका दायरा बढाते हुए स्नातक, डिप्लोमा डिग्री धारक को भी इस डाक जीवन बीमा योजना का लाभ देने का फैसला लिया है ।

गांधी सभागार में मण्डलीय समीक्षा बैठक के दौरान अयोध्या मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर पी के सिंह ने बताया कि पोस्टल इंश्योरेंस का दायरा इसलिए बढ़ाया गया है, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को सामाजिक सुरक्षा का कवच मिल सके. साथ ही यह भी कहा कि पोस्टल इंशोरेस के साथ डाक विभाग का भरोसा जुड़ा है. उन्होंने यह भी बताया कि डाक जीवन बीमा में बिचौलियों की कोई जगह न होने के कारण किश्त कम है और भुगतान अधिक है साथ ही इसका प्रीमियम प्राइवेट बीमा कंपनियों से ही नहीं बल्कि सभी बीमा कम्पनियों से भी कम है. यही नहीं इस पर बोनस भी ज्यादा मिलता है. पोस्टल इंशोरेस योजना देश की सबसे पुरानी बीमा योजना है, जिसकी शुरुआत 1884 में हुई थी. लेकिन पहले इसे सिर्फ सरकारी कर्मचारी ही ले सकते थे । लेकिन अब वकील, इंजीनियर डॉक्टर के साथ साथ स्नातक एवं डिप्लोमा डिग्री ध ारक भी इस योजना का लाभ ले सकते हैं संचालन मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह ने किया इस अवसर पर परिवाद निरीक्षक राजेश्वर दूबे ने इस योजना को समझते हुए कहा कि हम वकील, इंजीनियर डॉक्टर के साथ साथ स्नातक एवं डिप्लोमा डिग्री धारक के भविष्य की सुरक्षा को सवारने का सुनहरा अवसर प्रदान कर रहे हैं ।

इस दौरान सहायक अध ीक्षक डाकघर अनिल दूबे, निरीक्षक दीपक मौर्य, ओवरसियर रणविजय सिंह, राम जगत, राकेश सिंह, बी पी सिंह, उमेश पाण्डेय, सी पी दूबे, विजय यादव आदि मौजूद रहे । विकासखंड मिल्कीपुर के ग्राम पंचायत कर्मडांडा में अयोध्या विद्यापीठ कॉलेज आफ फार्मेसी एंड नर्सिंग की छात्राओं ने विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जन जागरूकता रैली निकाली।कालेज के डायरेक्टर डॉ प्रशांत शुक्ला ने जन जागरूकता रैली को सुबह हरी झंडी दिखाकर गांव के लिए रवाना किया।जन जागरूकता रैली अयोध्या विद्यापीठ कॉलेज आफ फार्मेसी एंड नर्सिंग के परिसर से निकलकर हजारों की आबादी वाले कर्मडांडा गांव के मध्य से गुजरी।रैली में छात्राओं ने तख्तियों पर लिखे स्लोगन व नारों के उदघोष से आम जनमानस को एड्स की विभीषिका से बचने के लिए जागरूक किया।जन जागरूकता रैली में नर्सिंग कालेज के प्राचार्य मनोज कुमार एवं फार्मेसी कालेज के प्राचार्य आरके वर्मा समेत बड़ी संख्या में नर्सिंग और फार्मेसी की छात्राएं व अन्य कालेज स्टाफ शामिल हुआ।

नवांगतुक एसपी प्रशांत वर्मा ने प्रेस वार्ता कर बताई प्राथमिकताएं

बहराइच । जिले के नवागंतुक पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने आज पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि वह 2014 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं इससे पूर्व वह अयोध्या व फतेहपुर के एसपी रह चुके हैंस उन्होंने बताया कि शासन स्तर से तय प्राथमिकताओं के आधार पर कार्यवाही की जाएगी और प्रयास किया जाएगा कि जिले में पुलिसिंग व्यवस्था पहले से और बेहतर होस उन्होंने कहा कि जनसुनवाई व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि लोगों की सुनवाई थाना स्तर पर हो सकेस उन्होंने बताया कि जिले में कानून व्यवस्था अच्छी हो और अमन शांति कायम रहे इसका भरपूर प्रयास किया जाएगा तथा अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए गैंगस्टर भी लगाया जाएगास उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा, तस्करी नशा व्यापार एवं अन्य गंभीर मामलों में प्रभावी कदम उठाए जाएंगेस उन्होंने थाना स्तर पर तैनात थाना अध्यक्षों के बारे में बताया कि मेरिट व कार्य क्षमता के अनुसार उन्हें स्थान दिया जाएगासइस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक सिटी कुंवर ज्ञानेंद्र सिंह कथा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अशोक कुमार भी उपस्थित थे।

किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू ने लगाई पंचायत

अयोध्या। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ब्लॉक माया ब्लॉक अध्यक्ष सुनील यादव के नेतृत्व में पंचायत लगाई गई किसान मजदूर की विभिन्न समस्याएं को लेकर 7 सूत्रीय ज्ञापन उप खंड विकास अधिकारी विजय चौधरी कोसौंपा गया अकारी पुर चौहान का पुरवा से सूखापुर जलभराव होने के कारण आवागमन बाधित हो रहा है चक मार्ग पर मिट्टी पटाई का कार्य हो गया था पर मानक के हिसाब से पटाई नहीं हो पाई है रास्ता को ऊंचा करवाकर खड़ंजा या आरसीसी की व्यवस्था कराई जाए छुट्टा जानवरों से किसानों की फसल नुकसान हो रही है प्रशासन उन्हें गौशाला में निरूद्ध फसलों को बचाया जाए ट्राली पर किसानों को आने जाने की छूट कराई जाए कटीले तार एवं ब्लैक तारों से रोक हटाई जाए प्रदेश सचिव जगतपाल सिंह ने बताया समस्याओं का समाधान ना हुआ तो आगे की रणनीति तय की जाएगी जिला महासचिव रामप्रताप गुप्ता जिला अध्यक्ष अरविंद यादव ब्लॉक अध्यक्ष सुनील यादव रामप्यारी धुरिया बाबूराम यादव विक्रमाजीत वर्मा नंदलाल ममता लालमति मालती सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

डीएम ने किया पारले चीनी मिल के पेराई सत्र का शुभारम्भ

बहराइच। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने नवागंतुक पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा व अन्य अधि ाकारियों, क्षेत्रीय संभ्रान्तजनों तथा प्रगतिशील गन्ना कृषकों के साथ वैदिक मंत्रोचार के बीच पारले चीनी मिल, परसेण्डी के डोंगा में गन्ना डालकर पेराई सत्र 2022–2023 का शुभारम्भ किया। इसके उपरान्त मिल गेट पर पहुंची प्रथम बैलगाड़ी के बैलों की पूजा कर गुड़ खिलाया तथा ग्राम कन्दैला के गन्ना कृषक राम संवारे को भी पुष्पमाला पहनाई, कम्बल व उपहार भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर डीएम व एसपी ने गन्ना किसानों और मिल प्रबन्धन को सफल पेराई सत्र के लिए शुभकामनाएं दी।

डीएम डॉ. चन्द्र ने कहा कि पारले चीनी मिल की स्थापना से इस क्षेत्र के गन्ना किसानों को काफी फायदा हुआ है। उन्होंने मिल के जिम्मेदारान व गन्ना कृषकों से अपेक्षा की कि एक दूसरे के हित को दृष्टिगत रखते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें।

डीएम ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शीर्ष प्राथमिकता गॉव, गरीब और किसान हैं। केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा कृषकों की आय में गुणात्मक वृद्धि हेतु अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही हैं। डीएम ने किसानों से अपील की कि खेतों में फसल अवशेष व पराली को जलाएं नहीं बल्कि बेहतर प्रबन्धन के सहारे इससे कम्पोस्ट खाद तैयार कर भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ाएं।

डीएम डॉ. चन्द्र ने किसानों से यह भी अपील की कि अपने आस–पास स्थिति गो आश्रय स्थलों को अतिरिक्त भूसा व पराली दान कर निराश्रित गोवंशों के संरक्षण में सहयोग प्रदान कर पुण्य के भागी बने। डीएम ने गन्ना विकास विभाग व चीनी मिल के प्रबन्ध तन्त्र को निर्देशित किया कि मिल क्षेत्र के किसानों को अधिसूचित प्रजाति के गन्ना बीज उपलब्ध कराये जाने में सहयोग प्रदान करें। श्री चन्द्र ने मिल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि गन्ना किसानों के हित को सर्वोपरि रखते हुए मिल का संचालन करें तथा पूर्व की ही भांति समय से गन्ना किसानों को भुगतान की कार्यवाही भी सुनिश्चत करायें।

इस अवसर पर जिला गन्नाधि ाकारी शैलेश कुमार मौर्य, चीनी मिल के महाप्रबन्धक अनिल सखूजा, फैक्ट्री मैनेजर अनिल यादव, मुख्य तकनीकि प्रबन्धक बी.के. पाण्डेय, गन्ना प्रबन्धक जगतार सिंह, बहाजुद्दीन व संजीव राठी, प्रगतिशील कृषक बब्बन सिंह, राजन सिंह सहित अन्य गन्ना कृषक तथा अन्य सम्बन्धि ात मौजूद रहे।

नपाप की ओर से 72 घंटो तक चलेगा मेगा स्वच्छता अभियान

बहराइच । आदर्श नगर पालिका परिषद नानपारा की ओर से मेगा स्वच्छता अभियान चलाया गया। पालिका ईओ रेनू यादव की अगुवाई में सफाई नायक मोहम्मद सईद, मोहम्मद इलियास, विद्या प्रसाद, सैफी, अहमद इदरीसी आदि द्वारा वार्ड नम्बर 17 तोपखाना एवं वार्ड नम्बर 19 मोहल्ला किला से इस अभियान का शुभारंभ किया गया। शासन के कड़े आदेश के अनुसार 75 जनपद, 75 घंटे, 750 निकाय के तहत नगर में जगह जगह लगे कूड़े के ढेरों को साफ किये जाने का अभियान चलाया जा रहा है। कर्मचारियों ने वार्ड में पहुँचकर मेगा स्वच्छता अभियान का आगाज करते हुए वार्डवासियों को गन्दगी मुक्त रखने की शपथ दिलाई गई। ईओ पालिका ने बताया कि उक्त अभियान के दृष्टिगत मॉनिटरिंग के लिए जूम वीडियो कांफ्रेंसिंग लिंक 75 घंटे तक एक्टिव रहेगा, निकाय से अधिकारीध्कर्मचारी 24□3 घंटे जुड़े रहेंगे जो जीवीपी पॉइंट से घंटे एक नियत रोस्टर के तहत लाइव रहेंगे जिसकी मॉनिटरिंग निदेशालय की टीम के द्वारा की जाएगी। सफाई नायक मोहम्मद सईद ने वार्ड के लोगों से बताया कि 72 घंटो तक यह मेगा स्वच्छता अभियान चलेगा। उम्मीद है कि आप लोग जरूर इस अभियान का हिस्सा बनेगे और आगे भी इस तरह का माहौल बनाकर रखेगे, आप लोग कूड़ा कूड़ादान में ही डाले और अपने वार्डो को स्वच्छ बनाने में पालिका का सहयोग करे।

फाउंडेशन बच्चों को बांटा स्वेटर

सोहावल–अयोध्या। नगर पंचायत सुचित्तागंज खिरौनी के खिरौनी गांव में दि आयुष्मान फाउंडेशन द्वारा संचालित खिरौनी बाल संस्कार केंद्र पर सैकड़ो की संख्या में पढ़ने वाले बच्चों को पुष्पेंद्र पाण्डेय जो कि संचालक हैं वामीका अविरल ज्ञान गंगा डिजिटल लाइब्रेरी, राज ट्रेडर्स व जे बी एन के इंटरप्राइजेज के सहयोग से बच्चों को स्वेटर का वितरण किया गया सभी बच्चों के चेहरे स्वेटर पा कर खुशी से खिल उठे। इस मौके पर सबसे पहले फाउंडेशन के अध्यक्ष व संस्थापक समाजसेवी पटेल पवन वर्मा ने श्री पांडेय का माला पहना कर स्वागत किया द्य श्री पांडेय के साथ चल कर आये नीरज मौर्या, अनिल भारतीय व खिरौनी गांव निवासी आकाश दुबे, ऋषभ पांडेय का फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा माला पहना कर स्वागत किया गया। अध्यक्ष संस्थापक समाजसेवी पटेल पवन वर्मा ने बताया कि दि आयुष्मान फाउंडेशन सभी क्षेत्रवासियों का स्वागत करती हैं और पुष्पेन्द्र पांडेय की तरह साथ में आ कर सामाजिक कार्य करने के लिए आमन्त्रित करती हैं द्य इस मौके पर सत्य प्रकाश गांधी, अंशुमान श्रीवास्तव, ऋषभ वर्मा, के साथ ग्रामवासी मौजूद रहे।

रामायण मेला में राकेश के जादू से राममय हुए दर्शक

अयोध्या। रामायण मेला की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में प्रदेश के मशहूर जादूगर राकेश श्रीवास्तव का जादू लोगों के सिर चढ़कर बोला, जादूगर राकेश ने एक कागज के टुकड़े को जलाकर भगवान श्री राम जी की तस्वीर बनाते ही पूरा राम कथा पार्क जय श्री राम नाम से गूंज उठा , इसके बाद जादूगर राकेश ने लड़की को हवा में प्रकट किया साथ ही उसी लड़की को हवा में तैरा कर दिखाया तो दर्शक अचंभित रह गए, हंसने हंसाने के अनेक हैरत अंगेज कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए लड़की को बक्से में बंद कर 12 तलवारें आरपार कर उसे गायब भी कर दिया , लड़की को तीन टुकड़ों में काट कर दिखाना उनका राष्ट्रप्रेम पर आधारित सबसे लोकप्रिय प्रस्तुति रही ।

विश्व एड्स दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली

अयोध्या। कामता प्रसाद सुंदर लाल सकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अयोध्या के राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें स्वयंसेवक व स्वयं सेविकाओं ने अत्यंत उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया । स्वयंसेवकों के द्वारा एड्स पर एक लघु नाटिका प्रस्तुत कर एड्स के बारे में प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अभय कुमार सिंह ने एड्स के संपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला ,साथ ही कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के मुख्य कार्यक्रमाधिकारी डॉ आशुतोष त्रिपाठी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज हम विभिन्न वायरसओं के बीच में हमें रहने हेतु विवश होना पड़ रहा है ,अतः सुरक्षा ही बचाव का माध्यम है ।कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधि ाकारी डॉ शशि सिंह डॉ रीता सिंह डॉ रीता सोनकर डॉ आलोक कुमार सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ रीमा सोनकर ने किया।

निःशुल्क चिकित्सा शिविर में सैकड़ों लोगों ने कराया नेत्र परीक्षण

खालसा फाउंडेशन ने निःशुल्क दवा व चश्मा का किया वितरित

अयोध्या। ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरुनानक गोविंद धाम नजरबाग में गुरूवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर में तीन सौ से ज्यादा लोगों की आंखों का निरीक्षण किया गया । अयोध्या आई हॉस्पिटल के डा. अशोक , डा.प्रवीन तिवारी एच आर पूजा और उनकी टीम द्वारा लोगों की आंखों की जांच कर उनका उपचार किया गया, खालसा फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क दवा एवं चश्मा भी वितरित किया गया।

इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद लल्लू सिंह एवं नवागत मंडलायुक्त गौरव दयाल ने शामिल होकर गुरु महाराज का आशीर्वाद लिया । गुरूद्वारे के जत्थेदार बाबा महेंद्र सिंह जी, सेवादार नवनीत सिंह और फैजाबाद की साध संगत ने माल्यार्पण कर व अंगवस्त्र ओढ़ाकर मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि प्रभु श्रीराम की पावन नगरी में गुरूद्वारा नजरबाग स्थित है। जब से नजरबाग का यह गुरूद्वारा यहां पर स्थापित हुआ है। तब से वह लगातार समाज की निरंतर सेवा करते हुए चला आ रहा है। यहां पर बराबर कोई न कोई सेवा का कार्यक्रम चलता रहता है, जिससे समाज का हित और गरीब, असहाय, कमजोर लोगों की सेवा हो सके। यहां प्रतिदिन लंगर चलता है जो श्रद्धालु बाहर से यहां आते हैं वह लंगर प्रसाद ग्रहण करते हैं। गुरूद्वारा नजरबाग जो यह कार्य कर रहा है। वह समाज के हित में और बहुत ही पुण्य का काम है। गुरूद्वारा के जत्थेदार बाबा जी तथा प्रबंध कमेटी का कार्य प्रशंसनीय है जो गुरु परंपरा के मार्ग पे चल के सेवा करते है। उसका निर्वाहन गुरूद्वारा नजरबाग द्वारा निरंतर किया जा रहा है। नवागत मंडलायुक्त गौरव दयाल ने कहा कि यह बहुत ही सराहनीय कार्य है। इस प्रकार का कार्य बराबर होते रहना चाहिए, जिससे गरीब, असहायों व कमजोर लोगों की मदद हो सके। नजरबाग गुरूद्वारा के जत्थेदार बाबा महेंद्र सिंह ने बताया कि यह निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर गुरू तेगबहादुर जी महाराज के शहीदी दिवस को समर्पित है। जिसका आयोजन खालसा फाउंडेशन की तरफ से किया गया इस कैम्प में सैकड़ों की संख्या में लोग लाभांवित हुए। उन्होंने बताया कि खालसा फाउंडेशन गरीब, असहाय व कमजोर जरूरतमंदों को भोजन, आदि उपलब्ध कराता है। फाउंडेशन की तरफ से कई सेवा कार्य चलाए जा रहे हैं। यह निःशुल्क नेत्र चिकित्सा कैम्प अयोध्या–फैजाबाद की समूह साध ा संगत के सहयोग से लगाया गया ।

डेंगू के 22 नए मरीज आए

कानपुर । शहर में डेंगू के मरीजों का ग्राफ मौसम के बदलाव के साथ कम होना शुरु हो गया है। 22 नए केस आए। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार,उर्सला की लैब ने 75 मरीजों की जांचों में 14 संक्रमितों की रिपोर्ट दी है। वहीं जीएसवीएम की माइक्रोबायोलॉजी लैब में 94 मरीजों की हुई जांच में 8 संक्रमित पाए गए। दोनों लैब में कुल 169 सैंपल की जांच की गई। डेंगू पॉजिटिविटी रेट 13.02 फीसदी है। एसीएमओ संचारी रोग डॉ.आरएन सिंह ने बताया कि नगर में डेंगू सक्रिय मरीज 85 हैं। 22 संक्रमितों में नगर के 14 और 8 मरीज दूसरे जिलों के हैं। रोगियों का इलाज निजी और सरकारी अस्पतालों में चल रहा है।

मण्डलायुक्त ने श्रीराम एयरपोर्ट का किया निरीक्षण

अयोध्या। मण्डलायुक्त गौरव दयाल द्वारा गुरूवार को अयोध्या में निर्माणाधीन मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम इण्टरनेशनल एयरपोर्ट का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने भारतीय विमान पत्तन विभाग के प्रोजेक्ट इंचार्ज राजीव कुलश्रेष्ठ के साथ रनवे, टर्मिनल बिल्डिंग, सुल्तानपुर की ओर से आने वाले फोर लेन अप्रोच रोड और फेज 2 का 900 मीटर का रनवे बढ़ाने वाली भूमि का निरीक्षण किया। मण्डलायुक्त ने रनवे 30 एन्ड पर जो गांव स्थित है उसका भी संज्ञान लिया। इसके पश्चात इंजीनियर, इंचार्ज के द्वारा टर्मिनल बिल्डिंग आर्ट गैलरी में आने वाले सभी मॉडल व उसमें आने वाली सभी सुविध ाओं से अवगत कराया। निर्माणाधीन बिल्डिंग आदि का अवलोकन करने के बाद उन्होंने कहा कि सभी कार्य मार्च 2023 तक पूर्ण कराये तथा किसी कार्य में यदि बाधा आती है तो तत्काल अवगत कराये, जिससे उनका निराकरण तत्काल कर दिया जाए और सभी कार्य समय से पूर्ण हो जाये।

छात्रसंघ चुनाव बहाली को लेकर निकाली बाइक रैली

अयोध्या। छात्र संघ चुनाव के बहाली को लेकर निखिल मिश्रा की अध्यक्षता में छात्रो ने बाइक रैली निकाली.यह रैली शहर के गुलाब बाड़ी मैदान से होते हुए साकेत महाविद्यालय तक निकाली। इस रैली की अगुवाई भाजपा के यश पाठक बाबा एवं अदनान खान ने की। इस दौरान बाइक रैली का बेनीगंज के आईटीआई के पास भाजपा नेता व मेयर पद प्रत्याशी शरद पाठक बाबा व राम मंदिर समर्थक बबलू खान ने छात्र संघ का चुनाव लड़ रहे उपाध्यक्ष निखिल मिश्रा को आशीर्वाद दिया।वही भाजपा जब पाठक बाबा ने बताया कि छात्र चुनाव के बहाली को लेकर रैली निकाली गई। और हमारे भाई निखिल मिश्रा उपाध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ रहे हैं। रैली गुलाब बाड़ी से साकेत महाविद्यालय निकाली जा रही है। यश पाठक ने कहा कि मैं सभी छात्र संघ के छात्र नेताओं भाइयों को शुभकामना और बधाई देना चाहता हूं जिनके संघर्षों से आज छात्र संघ चुनाव फिर से बेहाल हुआ है।इस रैली के दौरान मयंक सिंह, गौरव तिवारी, विजय मिश्रा, रितेंद्र जयसवाल, कुलदीप पाठक, किरशनमोहन यादव, विनीत मिश्रा आदि मौजूद रहे।

परिषदीय विद्यालय के बच्चों का हुआ निपुण आकलन परीक्षा

सरल ऐप के माध्यम से ओएमआर शीट पर हुआ आकलन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, व कंपोजिट विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का निपुण असिस्मेंट टेस्ट (एन ए टी) हुआ। इसको लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पांडेय के नेतृत्व में तैयारी पहले ही पूरी कर ली थी। महानिदेशक स्कूल शिक्षा के आदेशानुसार कक्षा एक से तीन तक के विद्यार्थियों की परीक्षा परीक्षा सुबह 9.30 बजे से 11.30 बजे तक और कक्षा चौथी से आठवीं तक के विद्यार्थियों की परीक्षा दोपहर 12. 30 से 2.00 बजे तक संपन्न हुई। टेस्ट के लिए प्रश्न–पत्र और ओमएमआर शीट सीलबंद लिफाफे में प्रत्येक ब्लाक संसाधन केंद्र (बीआरसी) से स्कूलों को पहुंचा दी गई थी। समय से व निष्पक्ष तरीके से परीक्षा संपन्न हो सके इसके लिए सुबह से ही ब्लॉकों में खंड शिक्षा अधिकारी व ए आर पी विद्यालय पर तकनीकी सहयोग करते रहे क्योंकि यह परीक्षा ओएमआर शीट पर सरल एप के माध्यम से ओएमआर शीट को स्कैन कर अपलोड करके हुई। जोगिया में खण्ड शिक्षा अधिकारी कुंवर विक्रम पांडे व ए आर पी प्रमोद त्रिपाठी तथा शशिकांत त्रिपाठी सहित अनुपम सिंह व अजय श्रीवास्तव विभिन्न स्कूलों को सहयोग करते रहे। हालाकि की विभिन्न समस्याओं को लेकर भी शिक्षक पूरे दिन जूझते नजर आए कहीं एप का सही तरीके से कम न करना नेटवर्क आदि के कारण स्कैनिंग डेटा अपलोड न हो पाना। शिक्षको के विभिन्न समस्याओं के निवारण के लिए ब्लॉक संसाधन केंद्र स्तर पर कंट्रोल रूम की भी व्यवस्था थी, जिसमेंभी शिक्षक संपर्क करते रहे।



जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक हुई सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में जिलाधिकारी कक्ष में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी संजीव रंजन ने जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत जनपद में हर घर जल नल योजना के अन्तर्गत विभिन्न विकास खण्डो से चयनित ग्राम पंचायतो में कियान्वयन हेतु अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने अधिशासी अभियन्ता जल निगम को जनपद के 20 ग्राम पंचायतों में क्रियान्वयन हेतु डी.पी.आर. तैयार कराने का निर्देश दिया। जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत जनपद में हर घर जल नल योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में कार्य के दौरान सड़क क्षतिग्रस्त हो गयी थी उनको ठीक कराने का निर्देश दिया गया इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, अधिशासी अभियन्ता जल निगम, तथा अन्य संबधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

जनपद में शुरू हुआ भर्ती कैंप का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। भारतीय सुरक्षा दक्षता परिषद के सौजन्य से एस आई एस के संयुक्त तत्वाधान में भर्ती कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिसमें ग्रामीण व शहरी शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान करने हेतु सिक्योरिटी स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा भर्ती कैंप जनपद में दिनांक 03 दिसंबर 2022 को विकास खण्ड डुमरियागंज, 05 दिसंबर 2022 को विकास खण्ड बढ़नी, 06 दिसंबर 2022 विकास खण्ड शोहरतगढ़, 07 दिसंबर 2022 को विकास खण्ड उसका बाजार, 08 दिसंबर 2022 को विकास खण्ड जोगिया, 09 दिसंबर 2022 को विकास खण्ड खेसरहा, 10 दिसंबर 2022 को विकास खण्ड बांसी, 12 दिसंबर 2022 को विकास खण्ड मिठावल, 13 दिसंबर 2022 को विकास खण्ड खुनियाँव, 14 दिसंबर 2022 को विकास विकास खण्ड बर्डपुर, 15 दिसंबर 2022 को विकास खण्ड लोटन, 16 दिसंबर 2022 को विकास खण्ड इटवा एवं 17 दिसंबर 2022 को विकास खण्ड नौगढ़ में समय प्रातः 10:00 से 03:00 बजे तक भर्ती कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थी जिनकी योग्यता सुरक्षा जवान हेतु 10वीं पास, उम्र 21 से 35 वर्ष, लंबाई 168 सेंटीमीटर एवं सुपरवाइजर हेतु 12वीं पास उम्र 21 से 36 वर्ष, लंबाई 170 सेंटीमीटर, आवेदन कर सकते हैं। जो दो पासपोर्ट साइज फोटो, दसवीं की मार्कशीट की फोटो कॉपी एवं आधार कार्ड की फोटो कॉपी के साथ उपस्थित हो सकते हैं। उक्त आशय की जानकारी भर्ती अधिकारी बालकेश कुमार एसएससीआई, एसआईएस, रीजनल ट्रेनिंग एकेडमी, लखनऊ उत्तर प्रदेश ने अपने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दिया ळें।

प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना में 240 आवेदनों का अनुमोदन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अन्तर्गत वर्ष 2022–23 हेतु विभागीय पोर्टल पर प्राप्त हुए आवेदनों में से जिला स्तरीय समिति द्वारा कुल 240 आवेदनों का अनुमोदन किया गया है। जिला तरीय समिति द्वारा अनुमोदित आवेदनों में से विभागीय पोर्टल लिउपेण्नचेकबण्हवअण्पद पर ई–लाटरी सिस्टम द्वारा चयन की प्रक्रिया में परियोजनावार लक्ष्य के सापेक्ष निजी भूमि पर तालाब निर्माण एवं प्रथम वर्ष निवेश (लक्ष्य 8.00हे0) के कुल 108 आवेदनों में से 11 चयनित एवं 97 प्रतिक्षारत बायोपलाक पाण्ड(लक्ष्य 4यूनिट) के कुल 03 में से 02 चयनित एवं 01 प्रतिक्षारत मत्स्य बीज हैचरी (लक्ष्य 1 यूनिट) के कुल 01 में से 01 चयनित, रियरिंग यूनिट (लक्ष्य 3.25 हे०) के कुल 02 में से 01 चयनित एवं 01 प्रतिक्षारत वृहद आर०ए०एस० में कोई लक्ष्य प्राप्त न होने के कारण दोनों आवेदन प्रतिक्षारत, मत्स्य आहार प्लांट में कोई लक्ष्य प्राप्त न होने के कारण दोनों आवेदन प्रतिक्षारत, लघु आर०ए०एस० (लक्ष्य 20 यूनिट) के कुल 01 मे से 01 चयनित, मोटर साइकिल विद आइस बाक्स (लक्ष्य 26 यूनिट) के कुल 14 मे से 14 चयनित साइकिल विद आइस बाक्स (लक्ष्य 30 यूनिट) के कुल 04 में से 04 घयनित, जिन्दा मछली विक्रय केन्द्र (लक्ष्य 5 यूनिट) के कुल 01 में से 01 चयनित एवं कियोस्क (लक्ष्य 8 यूनिट) के कुल 01 मे से 01 आवेदन चयनित हुए। उक्त आशय की जानकारी सहायक निदेशक मत्स्य ने अपने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दिया है।

प्रमुख सचिव स्वास्थ्य तक पहुंचा आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का मामला

बस्ती। रूधौली के पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने आउटसोर्सिंग के माध्यम से जिले में तैनात सभी कर्मचारियों के मानदेय भुगतान हेतु प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण से वार्ता किया। बताया कि पिछले 10 माह से स्वास्थ्य विभाग के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों में मानदेय भुगतान न होने के कारण उनके समक्ष जीविका का संकट खड़ा हो गया है। पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने बताया कि प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण ने इसे गंभीरता से लिया और फोन पर ए.डी.हेल्थ से वार्ता के बाद सी.एम.ओ. बस्ती भुगतान कराने हेतु आदेश जारी हुआ। इस प्रकरण में बस्ती डिस्ट्रिक्ट एकाऊंटेट मैनेजर को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है । पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने मानदेय भुगतान हेतु बस्ती डीएम का घेराव किया था, जानकारी होने पर उन्होने स्वतः संज्ञान लिया। कहा कि यदि स्वास्थ्य विभाग के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को शीघ्र मानदेय भुगतान न हुआ तो वे प्रकरण को मुख्यमंत्री तक ले जायेंगे ।

चिन्मय लक्ष्मीबाई फाउन्डेशन

आवश्यकता है।

Chinmay laxmibai Foundation

चिन्मय लक्ष्मीबाई फाउन्डेशन,पंजीयन सं0 : 00765/2018–19, पंजीकरण संख्या : LUC/03511/2018-2019 **लखनऊ को समाजिक कार्यो में रूचि रखने वाले युवा व मेहनती उत्तर प्रदेश के सभी जिलो में जिला डिस्ट्रीब्युटर एंव जिला मैनेजर की शैक्षिक योग्यता–स्नातक,परास्नातक व 03 साल का सामाजिक कार्यो का अनुभव,कम्प्यूटर व बाइक चलाने का ज्ञान होना अनिर्वाय हैं। वेतन–18000–35000 हजार प्रतिमाह तक,,मोबाईल नं0–7408523231 , 7408522832 , 7376803631.**

w.w.w.chinmaylaxmibaifoundation.org

अध्यक्ष

चिन्मय लक्ष्मीबाई फाउन्डेशन

लखनऊ,उत्तर प्रदेश

पता–कार्यालय फ्लैट नं0 208 श्री कृष्णा फोर्ट अपार्टमेन्ट गणेशपुर,रहमानपुर,चिन्हट,लखनऊ

कार्यालय अधीक्षण अभियंता

बस्ती वृत्त,लो0नि0वि0,बस्ती

पत्रांक–6690/04 ई निविदा बस्ती–वृत्त/2022 **दिनांक–26.11.2022**

निविदा आमंत्रण सूचना

1– महामहिम राज्यपाल, महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियंता, बस्ती वृत्त,लो0नि0वि0,बस्ती द्वारा उत्तर प्रदेश, लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु ''ए''बी श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ई–टेंण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गए कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है–

क0स0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर राशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाऋतु सहित)
1-	2-	3	4	5	6	7
1.	सिद्धार्थनगर	बांसी धानी विशुनपुर से पचपेड़वा सेखुई मार्ग (अ0जि0मा0) के विशेष मरम्म का कार्य।	80.00	6.00	(निविदा मूल्य +स्टेशनरी चार्जज +जी0एस0टी0) (2000+300+414=2714.00)	03 माह
2.		बी0एन0के0 से महुआ सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्म के साथ नवीनीकरण का कार्य।	97.00	6.85	(निविदा मूल्य +स्टेशनरी चार्जज +जी0एस0टी0) (2000+300+414=2714.00)	03 माह
3.	सिद्धार्थनगर	अकोलही से अकोलही गांव सम्पर्क मार्ग ।	46.00	4.40	(निविदा मूल्य +स्टेशनरी चार्जज +जी0एस0टी0) (2000+300+414=2714.00)	09 माह
4.		एल0डी0 नदांव का शेष भाग करमहिया सम्पर्क मार्ग ।	48.00	4.40	(निविदा मूल्य +स्टेशनरी चार्जज +जी0एस0टी0) (2000+300+414=2714.00)	03 माह
5.		मसीना ग्राम से उत्तर भोले शहीद बाबा सम्पर्क मार्ग ।	46.00	4.30	(निविदा मूल्य +स्टेशनरी चार्जज +जी0एस0टी0) (2000+300+414=2714.00)	03 माह
6.	सिद्धार्थनगर	डी0सी0 घाट कि0मी0–1 मालीमैनहा से तनुहार उर्फ कठपुतिया सम्पर्क मार्ग ।	40.00	4.00	(निविदा मूल्य +स्टेशनरी चार्जज +जी0एस0टी0) (2000+300+414=2714.00)	03 माह
7.		बांसी डुमरियागंज मझारी से गौरा घाट सम्पर्क मार्ग।	82.00	6.10	(निविदा मूल्य +स्टेशनरी चार्जज +जी0एस0टी0) (2000+300+414=2714.00)	03 माह

1. प्रत्येक निविदा का शुल्क खाता यूपी e-tender online account goverment के internet banking के द्वारा ही स्वीकार की जायेगी।

2. प्रत्येक निविदा का शुल्क खाता यूपी e-tender online account goverment के internet banking के द्वारा ही स्वीकार की जायेगी। बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 05.12.2022 से दिनांक 14.12.2022 तक उपलब्ध है। जो दिनांक 14.12.2022 को समय दोपहर 12.00 बजे तक अपलोड किए जा सकते हैं इसकी तकनीकी बिड दिनांक 15.12.2022 को 2.00 बजे खोली जाएगी। निविदाओं की तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है जिसकी विस्तृत जानकारी भी डॉक्यूमेंट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है निविदा से संबंधित अधिक जानकारी ई टेंडर वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर पर उपलब्ध है।

(वी0के0राय)
अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0
बांसी सिद्धार्थनगर

(अशोक कुमार)
अधीक्षण अभियंता
बस्ती वृत्त,लो0नि0वि0
बस्ती

www.upgov.nic.in ,UPID-r.o.**182458**,date : 02-12-2022

सम्पादकीय

हैरानी की बात है कि ऐसे खेले से मोदी–शाह उबते हुए नहीं हैं? कल्पना करें कि ब्रिटेन में चुनाव और राजनीति मोदी–शाह जैसी हो जाए, ऋषि सुनक चुनाव जीतने का फॉर्मूला मोदी का अपना लें तो क्या होगा? या दुनिया के ओलंपिक, विश्व फुटबॉल कप के मालिक मोदी–शाह बन जाएं वे अपनी हिंदू शैली में...

गुजरात को ऐसे जीतना क्या जीतना?

नरेंद्र मोदी गुजरात जीतेंगे लेकिन योगी आदित्यनाथ के बूते यदि जीते तो मोदी–शाह के लिए क्या डूबने वाली बात नहीं? यदि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के वोटों के बंटने से जीते तो वह क्या जीते? लगभग हर दिन प्रधानमंत्री की रैलियों तीन महीने से लगातार प्रचार, पूरे देश के भाजपा नेताओं की कथित कॉरपेट बाम्बिंग, विपक्ष के उम्मीदवारों को तोडने से लेकर पानी की तरह पैसा बहाने के तमाम हथकंडों के बावजूद यदि कांग्रेस 40–50 सीट जीत जाए, भाजपा के वोट 40 प्रतिशत तक गिर जाएं और आप 20–25 प्रतिशत वोट पा जाए तो वह क्या नरेंद्र मोदी की वाहवाही वाली जीत होगी? सोचें, कल्पना करें कि जिस गुजरात में 27 साल से हिंदू राज है। नरेंद्र मोदी का कथित विकास मॉडल है वहां अरविंद केजरीवाल की फ्री बिजली या हजार रुपए मुफ्त जैसी रेवडियों का शहरी गुजराती दिवाना दिखलाई दे। केजरीवाल से मोदी–शाह इतने घबराएं कि उसी वक्त में दिल्ली में एमसीडी के चुनाव करवाएं। और एक नगरपालिका के चुनाव में केंद्र के मंत्री से लेकर चार–चार मंत्री एक साथ प्रचार करते हुए दिखें। अरविंद केजरीवाल एंड पार्टी को गुजरात छोड़ कर दिल्ली के चुनाव के लिए लौटना पड़े। पर मेरा मानना है कि दिल्ली हो या गुजरात या हिमाचल प्रदेश हर तरफ नरेंद्र मोदी अपनी प्रतिष्ठा दांव पर लगाने, साम–दाम–दंड–भेद सब कुछ झोंकने के बावजूद चुनाव जीतते हुए भी हारेंगे। इसलिए कि असली हार–जीत तो तब होती है जब खेल ईमानदार हो। गुजरात और उसके प्रमुख गढ़ सूरत में क्या नौबत जो आप पार्टी को अपने उम्मीदवार के अपहरण की चिंता करनी पड़ी। ये चुनाव ऐसे ही हैं कि यदि फुटबॉल विश्व कप में मोदी की कप्तानी में शाह, जेपी नड्डा, योगी की टीम खेल रही होती तो दुनिया देखती कि इस टीम ने इग्लैंड के खिलाडियों को खरीद लिया, किसी को पैसे दिए, किसी का अपहरण किया, उनका खाना–पानी गायब कर दिया और हर खिलाड़ी को डरा दिया कि यदि तुमने खेला तो ईडी–सीबीआई छोड़ देंगे। सचमुच नरेंद्र मोदी के लोकतंत्र में चुनाव, जबरिया चुनाव हो गए हैं। हर तरह की नौटंकी, जबरदस्ती का चुनाव। बस, जीतना है तो सब कुछ लुटा कर मतलब सत्य–संस्कार–चरित्र, ईमानदारी–खेल की भावना आदि को दांव पर लगा कर बस जीत जाओ। विपक्ष के पास नहीं रहने दो, उसके तैयार हुए खिलाड़ी को खरीद लो, उनका खर्चा–पानी खत्म कर दो, रेफरी को खरीदे रखो, एकतरफा नारेबाजी–तालियां बजवाओ और आखिर में रेफरी से घोषणा करवा दो कि नरेंद्र मोदी भारत केसरी, गुजरात केसरी, हिंदू केसरी! हैरानी की बात है कि ऐसे खेले से मोदी–शाह उबते हुए नहीं हैं? कल्पना करें कि ब्रिटेन में चुनाव और राजनीति मोदी–शाह जैसी हो जाए, ऋषि सुनक चुनाव जीतने का फॉर्मूला मोदी का अपना लें तो क्या होगा? या दुनिया के ओलंपिक, विश्व फुटबॉल कप के मालिक मोदी–शाह बन जाएं वे अपनी हिंदू शैली में खेल–खिलाडियों के आयोजन करवाएं तो अपनी टीम को कैसे जितवाएंगे? पैसे से सौदे–धंधे करेंगे? खिलाडियों को खरीदेंगे? खिलाडियों के पीछे ईडी–सीबीआई को छोड़ेंगे मगर होगा वहीं, खेल उसी फिक्स अंदाज में जैसे भारत के चुनाव हो रहे हैं! गुजरात से सुनाई दे रहा है कि जीतेंगे तो मोदी? क्यों? इसलिए क्योंकि वे हार नहीं सकते? क्या महंगाई है? हां, है! क्या बेरोजगारी है? हां, है? क्या तकलीफें हैं? बहुत ज्यादा? तब वोट किसको दोगे? भाजपा को, कमल को! मोदी जीतेगा। मतलब मानो सब पूर्व निर्धारित! मैदान में दूसरा कोई है ही नहीं! सामने न कांग्रेस और न आप किसी में खेलने, ताकत लगाने, उम्मीदवारों में दम फूंकने, मतदान के दिन तक जी जान से मेहनत करने की क्षमता है ही नहीं!

मुद्दा मूल्य–सीमा का

इस मसले पर यूरोपियन यूनियन में तीखे मतभेद उभर चुके हैं। भारत और चीन इसमें शामिल होंगे, इसकी संभावना कम है। दरअसल, पश्चिम के प्राइस कैप को ना मानने वाले देशों की सूची इन दोनों देशों के अलावा और भी लंबी हो सकती है। क्या सचमुच पश्चिमी देश रूस के कच्चे तेल पर प्रस्तावित मूल्य सीमा को लागू कर पाएंगे? यूरोप में इसको लेकर जो विरोध उभरा है, उसे देखते हुए यह आसान नहीं लगता। यह साफ सामने आया है कि कई यूरोपीय देश अब ऐसा कदम उठाने के पक्ष में नहीं हैं, जिससे उनका ऊर्जा संकट और बढ़े। इसी का परिणाम है कि इस मसले पर यूरोपियन यूनियन (ईयू) में तीखे मतभेद उभर चुके हैं। भारत जैसे देश तो पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि वे ऐसे किसी कदम का हिस्सा नहीं बनेंगे। जाहिर है, चीन भी इसमें शामिल नहीं होगा। पश्चिम के प्राइस कैप को ना मानने वाले देशों की सूची इन दोनों देशों के अलावा और भी लंबी हो सकती है। रूस यह साफ कह चुका है कि अगर किसी प्रकार की मूल्य सीमा लगाई गई, तो वह तेल का निर्यात बिल्कुल रोक देगा। विश्लेषकों के मुताबिक अगर रूस ने ऐसा कदम उठाया, तो उससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की महंगाई तेजी से बढ़ेगी। इसका अंदेशा अमेरिका को भी है।

अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने कुछ दिन पहले एक मीडिया इंटरव्यू में कहा था कि अगर तेल की कीमतें बढ़ीं, तो अमेरिका अपने स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व से और अधिक तेल बेचने का फैसला करेगा। लेकिन उससे अमेरिकी उपभोक्ताओं को भले राहत मिल सकती है, यूरोप के लोगों को नहीं तो। तो पिछले हफ्ते ईयू की कार्यकारी संस्था– यूरोपियन कमीशन की हुई बैठक में विभिन्न देशों के राजनयिकों के बीच जुबानी झड़पें होने तक की नौबत आ गई। धनी देशों के समूह जी–7 ने अगले पांच दिसंबर से अंतरराष्ट्रीय बाजार में रूसी तेल पर मूल्य सीमा लगाने का प्रस्ताव रखा है। जी–7 ने यूक्रेन पर हमला करने के दंड के रूप में रूसी तेल पर प्राइस कैप लगाने का एलान किया है। योजना यह है कि मूल्य सीमा लागू होने के बाद पश्चिमी कंपनियों से ऋण और बीमा की सुविधा तभी मिलेगी, जब कोई देश तेल तय सीमा कीमत तक पर ही खरीद रहा हो। अब फैसला ईयू पर आकर टिक गया है।

भारत में हैं असीम संभावनाएं

बहरहाल भारत को बदलते वैश्विक परिदृश्य में सेमीकंडक्टर से संबंधित चार बिंदुओं पर विशेष ध्यान देना होगा। पहला, सेमीकंडक्टर निर्माण के लिए आवश्यक आधारभूत संरचना तैयार करना। दूसराय मानव संसाधन को सेमीकंडक्टर क्षेत्र में दक्ष बनाना। तीसराय बदलते भूमंडलीय समीकरण में विकसित देशों के साथ मिलकर देश में आधुनिक चिप निर्माण का शुरु आत करना और चौथारू जी20 के अध्यक्ष के ...

प्रभात सिन्हा

अमेरिकी प्रशासन ने चीन के साथ उच्च गुणवत्ता वाले सेमीकंडक्टरचिप्स के आयात, निर्यात, वितरण सहित बौद्धिक संपदा के आदान–प्रदान पर भी प्रतिबंध लगा दिया है।

इस कदम को अभी हाल के दिनों में अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते तनातनी का अमेरिकी प्रतिक्रिया समझा जा सकता है। वैसे तो, चीन अभी चिप का बड़ा उत्पादक नहीं बन पाया है, लेकिन दुनिया भर में निर्मित 35–40 प्रतिशत चिप को चीन ले जाकर ही असेम्बल किया जाता है। जाहिर है प्रतिबंध का उद्देश्य 5जी, रक्षा, ंिआर्टफसियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स इत्यादि क्षेत्रों में चीन के प्रभाव को कम करना है।

प्रतिबंध के कारण जहां चीन बढिया गुणवत्ता वाले सेमीकंडक्टर के निर्माण से वंचित रहेगा वहीं हमारे देश भारत सहित कई देशों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। विशेषज्ञ वर्तमान समय के सेमीकंडक्टरचिप की तुलना 1970 के दशक के परमाणु तकनीक से कर रहे हैं। हालांकि तब भारत के परमाणु क्षेत्र में बढ़ते प्रयासों पर लगे अमेरिकी प्रतिबंधों में चीन भागीदार बना था, लेकिन बदलते भू–राजनीतिक परिस्थितियों में आज प्रतिबंध चीन पर लगा है और भारत प्रमुख देशों के संगठन जी–20 का अध्यक्ष बनकर नियम तय करने वाली भूमिका में आ चुका है।

सेमीकंडक्टर चिप्स आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी युग के संवाहक है और एयरोस्पेस, ऑटोमोबाइल, संचार, स्वच्छ ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी एवम चिकित्सा उपकरणों सहित अर्थव्यवस्था के लगभग सभी क्षेत्रों के लिए आवश्यक बन चुके हैं। व्यक्तिगत, आर्थिक और व्यावसायिक गतिविधियों के बड़े हिस्से को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने के क्रम में चिप–संचालित कंप्यूटर और स्मार्टफोन की उपयोगिता बढ़ती जा रही है। सेमीकंडक्टर सिलिकॉन या जर्मेनियम जैसे शुद्ध तत्वों अथवा गैलियम, आर्सेनाइड या कैडमियमसेलेनाइड जैसे यौगिक से बने होते हैं और सभी आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी उत्पादों के संचालक के रूप में उपयोग में लाये जाते हैं।

वर्तमान में चिप की मांग आपूर्ति से कई गुना ज्यादा बढ़ गई है, और चिप की वैश्विक स्तर पर काफी कमी हो गई है, जिसके कारण कई देशों की सरकारों ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अरबों डॉलर के प्रोत्साहन, निवेश इत्यादि की घोषणा की है।

जुलाई के अंत में अमेरिकी सीनेट ने 52 अरब डॉलर की उद्योग सब्सिडी के लिए एक विधेयक पारित किया। रॉयटर्स के खबर के मुताबिक, फ्रांस में, 5.7 अरब डॉलर के चिप व्यवसाय को पर्याप्त सरकारी समर्थन प्राप्त होने की उम्मीद है। प्रसिद्ध चिप निर्माता कंपनी इंटेल की अगले दशक में पूरे यूरोप में 80 अरब यूरो से अधिक निवेश की योजना है। भारत सरकार ने भी चिप के घरेलु निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए 10 अरब डॉलर के प्रोत्साहन की घोषणा की है।

भारत सरकार ने, इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन की स्थापना की है, जो डिजिटल इंडिया के अंतर्गत एक स्वतंत्र प्रभाग है और जिसका उद्देश्य इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में भारत को एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। भारत में सेमीकंडक्टर का वर्तमान बाजार 24 अरब डॉलर का है, जो विशेषज्ञों के अनुसार वर्ष 2026 तक 80 अरब डॉलर के पार पहुंच जाएगा।

वर्तमान में सेमीकंडक्टर की आवश्यक आपूर्ति शत–प्रतिशत आयात से हो रही है। गौरतलब है कि सेमीकंडक्टर क्षेत्र में कई चुनौतियां भी हैं। जैसे यह एक बहुत ही जटिल और गूढ़ प्रौद्योगिकी क्षेत्र है, जिसमें अत्यधिक पूंजी निवेश, उच्च जोखिम, निवेश वापसी की लंबी अवधि और प्रौद्योगिकी में तेज बदलाव शामिल हैं। चिप निर्माण इकाइयों को कई अन्य संसाधनों जैसे लाखों लीटर स्वच्छ पानी, अत्यंत स्थिर बिजली आपूर्ति, बड़ा भूभाग और अत्यधिक कुशल कार्यबल की आवश्यकता नियमित तौर पर होती है। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने वर्ष 2021 में डिजाइन लिंक्डइंसेंटिव योजना की शुरु आत की, जिसके अंतर्गत सेमीकंडक्टर डिजाइन में शामिल देश की न्यूनतम 20 घरेलू कंपनियों का पोषण कर अगले 5 वर्षो में 1500 करोड़ रु पये से अधिक का कारोबार हासिल करने की सुविधा प्रदान की जाएगी।

सेमीकंडक्टर की घरेलू आवश्यकता के साथ वैश्विक मांग में भी तेज वृद्धि हो रही है, जिसे भारत पूरा कर सकता है। इसके लिए वर्तमान क्षमता को बढ़ाकर एक बेहतर पारिस्थितिकी तंत्र बनाना होगा।

बहरहाल भारत को बदलते वैश्विक परिदृश्य में सेमीकंडक्टर से संबंधित चार बिंदुओं पर विशेष ध्यान देना होगा। पहला, सेमीकंडक्टर निर्माण के लिए आवश्यक आधारभूत संरचना तैयार करना। दूसराय मानव संसाधन को सेमीकंडक्टर क्षेत्र में दक्ष बनाना। तीसराय बदलते भूमंडलीय समीकरण में विकसित देशों के साथ मिलकर देश में आधुनिक चिप निर्माण का शुरु आत करना और चौथारू जी20 के अध्यक्ष के तौर पर सेमीकंडक्टर व्यवसाय को मानव सभ्यता के हित में नियमित और नियंत्रित कर इसका गलत इस्तेमाल रोकना।

कॉप 27: कार्यान्वयन का कॉप

कार्यान्वयन योजना दस्तावेज, जलवायु न्याय पर केंद्रित है, जो विकासशील देशों द्वारा सामना की जा रही चिंताओं और मुद्दों का समाधान करता है। भारत के सुझावों को कॉप 27 के निर्णयों में शामिल किया गया। प्रधानमंत्री मोदी, जिनके नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन और आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना गठबंधन जैसी कई अंतर्राष्ट्रीय पहल हुई हैं, ने बार–बार दोहराया है कि जलवायु परिवर्तन ...

भूपेंद्र यादव

27वां पार्टियों का सम्मेलन (कॉप27) पिछले सप्ताह समाप्त हुआ और कई चुनौतियों तथा विचारों में भिन्नता के बावजूद, सदस्य देशों ने जटिल मुद्दों के समाधान के प्रयास किए। कॉप27 को कार्यान्वयन के लिए कॉप का ब्रांड नाम दिए जाने के साथ, प्रमुख मुद्दों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनमें प्रमुख हैं– हानि और क्षति वित्त पोषण पर समझौताय अनुकूलन और शमन कार्यक्रम को प्रोत्साहित करना, जो उत्सर्जन में कमी का मुकाबला करता है और प्रभावी कार्यान्वयन को गति प्रदान करता है तथा जो वैश्विक तापमान वृद्धि को पूर्व औद्योगिक स्तरों से 1.5 डिग्री सेल्सियस ऊपर रखने के अधिक महत्वाकांक्षी पेरिस समझौते के लक्ष्य की ओर आगे बढने के लिए वैश्विक समुदाय को प्रेरित करता है।

भारत की दृष्टि से कॉप27 के परिणाम महत्वपूर्ण रहे हैं, क्योंकि एक देश के रूप भारत के या विकासशील देशों की सामूहिक आवाज के रूप में भारत द्वारा प्रस्तावित चिंताओं, विचारों और सुझावों को उचित महत्व दिया गया है। शर्म अल–शेख कार्यान्वयन योजना मानती है कि ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के लिए 2019 के स्तर की तुलना में 2030 तक वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 43 प्रतिशत की तेज और निरंतर कमी किए जाने की आवश्यकता है। योजना यह भी स्वीकार करती है कि विभिन्न राष्ट्रीय परिस्थितियों के आलोक में एवं सतत विकास और गरीबी उन्मूलन के प्रयासों के संदर्भ में सामान्य लेकिन पृथक जिम्मेदारियों और संबंधित क्षमताओं ख्सीबीडीआर–आरसी, को दर्शाते हुए, न्यायपूर्ण और सर्वोत्तम उपलब्ध वैज्ञानिक ज्ञान के आधार पर, इस महत्वपूर्ण दशक में त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता है। भारत, राष्ट्रों के लिए जलवायु कार्रवाई लक्ष्यों को निर्धारित करने और इन्हें पूरा करने में सीबीडीआर–आरसी दृष्टिकोण अपनाने का मुखर समर्थक रहा है, ताकि जलवायु परिवर्तन की अनिश्चितताओं से पृथ्वी को बचाने की इस संयुक्त लड़ाई में हम ऐतिहासिक प्रदूषण फैलाने वाले देशों और तकनीकी व वित्तीय अंतर के प्रति सचेत रहें तथा हरित विश्व निर्माण के लिए विकासशील देशों को शामिल किए जाने की आवश्यकता सुनिश्चित की जा सके।

कार्यान्वयन योजना ने पार्टियों से आग्रह किया, जिन्होंने अभी तक नए या अद्यतन राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदानों की जानकारी नहीं दी है, वे जल्द से जल्द इसे पूरा करें। भारत न केवल उन 29 देशों में शामिल है, जिन्होंने सीओपी26 के बाद अपने बढ़े हुए एनडीसी प्रस्तुत किए हैं, बल्कि उन 60 से कम देशों की उस सूची में भी मौजूद है, जिन्होंने ग्लासगो में अपनी शुद्ध शून्य घोषणा के एक वर्ष के भीतर अपनी दीर्घकालिक कम उत्सर्जन विकास रणनीतियां प्रस्तुत की हैं। ये कदम, जलवायु परिवर्तन से मुकाबला करने के प्रयास का हिस्सा बनने के सन्दर्भ में नरेन्द्र मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। देशों को निम्न–कार्बन उत्सर्जन की ओर बढने के लिए एक कार्ययोजना तैयार करते हुए, कॉप27 कार्यान्वयन योजना राष्ट्रीय परिस्थितियों के अनुरूप सबसे गरीब और सबसे कमजोर देशों को लक्ष्य–आधारित समर्थन देने और एक न्यायपूर्ण परिवर्तन की दिशा में समर्थन की आवश्यकता की पहचान करने का आह्वान करती है। इसने मान्यता दी कि विकासशील देशों को दिया गया अधिक समर्थन, उनकी कार्रवाई संबंधी उच्च महत्वाकांक्षा को अनुमति प्रदान करेगा।

भारत ने इस बात को रेखांकित किया कि अधिकांश विकासशील देशों के लिए न्यायपूर्ण बदलाव की तुलना सिर्फ कार्बनीकरण को कम करने से नहीं की जा सकती है, लेकिन कम–कार्बन उत्सर्जन के साथय विकासशील देशों को, अपनी पसंद के ऊर्जा मिश्रण तथा एसडीजी हासिल करने में, स्वतंत्रता की आवश्यकता है।

कॉप27 ने सभी जलवायु कार्रवाईयों– न कि केवल शमन, बल्कि शमन, अनुकूलन, वित्त, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और क्षमता निर्माण– पर ध्यान केंद्रित करने के महत्व को रेखांकित किया। कॉप27 योजना ने गंभीर चिंता के साथ, जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभाव से मुकाबले के लिए अनुकूलन के मौजूदा स्तरों और उन स्तरों, जिनकी आवश्यकता है, के बीच मौजूदा अंतर कोय जलवायु परिवर्तन छठी आकलन रिपोर्ट पर अंतर–सरकारी पैनल के सन्दर्भ में कार्य समूह द्ढद्ढ के योगदान के निष्कर्षों के अनुरूप बताया। इसने पार्टियों से क्षमता बढ़ाने, सहनीयता को मजबूत करने और जलवायु परिवर्तन के प्रति खतरे को कम करने के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया। इसने विकासशील देशों से जलवायु वित्त, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और अनुकूलन के लिए क्षमता निर्माण संबंधी अपने प्रावधान को तत्काल और महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने का आग्रह किया, ताकि विकासशील देशों की जरूरतों का समाधान किया जा सके। भारत ने लंबे समय से अनुकूलन को उचित महत्व देने और विकासशील देशों की जरूरतों के पैमाने के अनुरूप संसाधनों के पैमाने पर चर्चा करने की तत्काल आवश्यकता पर अपनी लड़ाई को जारी रखा है।

कॉप27 कार्यान्वयन योजना इस बात पर जोर देती है कि उचित और न्यायसंगत बदलाव के उपायों में ऊर्जा, सामाजिक आर्थिक, कार्यबल और अन्य आयाम शामिल हैं, जिनमें से सामाजिक सुरक्षा समेत सभी को राष्ट्रीय स्तर पर परिभाषित विकास प्राथमिकताओं पर आधारित होना चाहिए, ताकि परिवर्तन से जुड़े संभावित प्रभावों को कम किया जा सके। इस योजना में, सामाजिक एकजुटता तथा लागू उपायों के प्रभावों को कम करने से संबंधित उपकरणों की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया है। योजना दस्तावेज ने सार्थक शमन कार्रवाई और कार्यान्वयन पर पारदर्शिता के संदर्भ में विकसित देशों का 2020 तक प्रति वर्ष संयुक्त रूप से 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर जुटाने का लक्ष्य अभी तक पूरा नहीं होने ... पर गंभीर चिंता व्यक्त की। भारत के लिए एक अन्य महत्वपूर्ण आयाम, शर्म अल–शेख कार्यान्वयन योजना के प्रस्तावना निर्णय में शजलवायु परिवर्तन के समाधान के प्रयासों में सतत जीवनशैली अपनाना तथा उपभोग और उत्पादन के स्थायी प्रारूप की दिशा में बदलाव को शामिल किया जाना है। यह कदम शमिशन लाइफच्य के अनुरूप है, जो संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के साथ भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 20 अक्टूबर को शुरू की गई श्पर्यावरण के लिए जीवनशैलीच्य को बढ़ावा देता है।

कॉप27, पेरिस समझौते के तहत जलवायु वित्त पर नए सामूहिक मात्रात्मक लक्ष्य की ओर आगे बढने के लिए भी मंच तैयार करता है। इसने जलवायु वित्त पर नए सामूहिक मात्रात्मक लक्ष्य (एनसीक्यूजी) पर विचार–विमर्श में ठोस प्रगति की आवश्यकता को स्वीकार किया, जो मात्रा, गुणवत्ता, पहुंच और धन के स्रोतों समेत विकासशील देशों की जरूरतों और प्राथमिकताओं जैसे विषयों पर भी विचार करेगा।

फाइल न दिखा पाने पर जिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार को लगाई फटकार

सिधौली (सीतापुर)। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार से मांगी गई फाइल न दिखा पाने पर नायब तहसीलदार व उनके पेशकार शिवकुमार के प्रति कड़ा रुख अपनाते हुए नाराजगी व्यक्त की। वहीं जिलाधिकारी ने नगर पंचायत व क्षेत्र में मतदाता सूचियो मैं मिले दोहरे नामों वाली मतदाताओं को नोटिस देकर नाम काटने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी अनुज सिंह सिधौली तहसील का निरीक्षण करने के जहां पर 12 बजे के करीब पहुंचे सबसे पहले ई डिस्ट्रिक्ट रूम में पहुंचकर उन्होंने आए वह निवास प्रमाण पत्र मनाने के रजिस्टर चेक किये। इस दौरान उन्होंने आय प्रमाण पत्र और निवास प्रमाण पत्र का पूरा कार्य एक माह के अंदर किए जाने के निर्देश दिए।

ईडब्ल्यूएस का कार्य 2 दिन में पूरा किए जाने के निर्देश दिए साफ–सफाई व अन्य निर्देश दिया। उसके बाद जिलाधिकारी ने कंप्यूटर कक्ष में पहुंचकर वोटर लिस्ट की फीडिंग की जानकारी ली इस दौरान उन्होंने इसका रजिस्टर मांगा तो कंप्यूटर ऑपरेटर ने रजिस्टर को बीएलओ के पास होने की बात कही। जिस पर उन्होंने इसकी आपत्ति जताई इस दौरान उन्होंने फार्म साथ वह फार्म 6 का प्रिंट आउट निकलवा कर भी देखा। गोविंदापुर निवासी एक महिला का दो स्थानों पर वोटर लिस्ट में नाम था। इसी प्रकार से काफी संख्या में दोहरे नाम वाली सूची बनाकर संबंधित वोटरों को नोटिस भेजने की बात कहीं। नायब तहसीलदार सुरभि के कक्ष में निरीक्षण के दौरान दाखिल खारिज में फर्जी आपत्ति लगाने की शिकायतकर्ता वहां पर पहुंच गया और जिलाधिकारी से इसकी शिकायत की। जिस पर नायब तहसीलदार से जिलाधिकारी ने तीन फाइलें दिखाने को कहा लेकिन तीन फाइलों में से कोई भी फाइल ने तहसीलदार पेश नहीं कर सकी। जिसको लेकर जिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार सुरभि व उनके पेशकार शिवकुमार के प्रति नाराजगी व्यक्त की। वहीं उक्त मामले में तहसीलदार आरपी सिंह को भी कड़े निर्देश दिए। कंप्यूटर कक्ष भूलेख अभिलेखागार भोले का निरीक्षण जिलाधिकारी द्वारा किया गया। अभिलेखागार भूलेख कक्ष में मालिकाना रजिस्टर में गड़बड़ी मिली। उसके बाद जिलाधिकारी ने नजारत अन्य कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उपजिलाधिकारी राखी वर्मा, मृत्युंजय बाजपेयी, यदुनंदन, अंकुर सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

अपात्र पाए राशन और पात्र निहार रहे कब लेंगे अधिकारी सुधि

साण्डा (सीतापुर)। राशन कार्डों का लाभ गरीबों और आर्थिक रुप से कमजोर परिवारों के लिए हैं लेकिन इसका लाभ पाने के लिए अपात्र और आर्थिक रुप से मजबूत लोग भी अपना राशन कार्ड बनवाए हैं। इससे पात्र लाभार्थियों के हकों पर डाका पड़ रहा है और उन्हें खाद्यान्न की महत्वाकांक्षी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। राशन कार्ड केवल पात्र गरीब परिवारों को ही मिले। इसलिए खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा समय–समय पर राशन कार्ड सत्यापन का कार्य भी किया जाता है। इसके साथ ही अन्य कई स्त्रोतों से भी सत्यापन प्रक्रिया करायी जाती है। इसके बावजूद तमाम अपात्र शासन प्रशासन की सत्यापन प्रक्रिया को चकमा देकर अपने राशन कार्ड बनवाने में सफल हैं और हर महीने मुक्त राशन योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। यह समस्या किसी एक ग्राम पंचायत कि नहीं है। यह समस्या सभी ग्राम पंचायतों की है लेकिन विभागीय अधिकारी हाथ पर हाथ रखे बैठे हुए सब कुछ जानते हुए अंजान बने हुए हैं। जबकि योगी सरकार का फरमान था कि ग्राम पंचायतों का सर्वे कर जो अपात्र हैं उनका राशन कार्ड कैंसिल करके जो पार्थ हैं उनको त्वरित लाभ दिया जाए और उनका राशन कार्ड बनाया जाये। जबकि बहुत ऐसे कार्ड धारक हैं जिनके पास चार पहिया वाहन ट्रैक्टर ट्राली सभी संसाधन हैं। ऐसे कार्ड धारक सरकार की योजनाओं का लाभ धड़ल्ले से उठा रहे हैं लेकिन गरीब पात्र राशन कार्ड बनवाने के लिए कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन विभागीय अधिकारियों को उन गरीब परिवारों पर दया भी नहीं आती और उनको डांट डपट कर ऑफिस से भगा दिया जाता है। ऐसा ही मामला लहरपुर तहसील क्षेत्र के विकासखंड सकरन की ग्राम पंचायत सुमिरावा का है। जहां के निवासी ग्रामीण मालती देवी, चेतराम, सूर्जी, वक्त बताएगा।

ग्रामीणों के बीच कौतूहल का विषय बनी एलईडी स्कूटी

वीडियो फिल्म के माध्यम से आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की दी जा रही जानकारी

सीतापुर। नीति आयोग की ओर से आकांक्षी विकास खंडों में चयनित बिसवां ब्लॉक में गांव–गांव घूम रही एक एलईडी स्कूटी ग्रामीणों के बीच कौतूहल और चर्चा का विषय बनी हुई है। इस स्कूटी का संचालन राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की सहयोगी स्वयं सेवी संस्था गिज का रही है। इस पर लगी एलईडी टीवी पर एक वीडियो फिल्म के माध्यम से ग्रामीणों को आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की जानकारी दी जा रही है। वीडियो फिल्म के माध्यम से ग्रामीणों को यह भी बताया जा रहा है कि आयुष्मान कहां और कैसे बनेगा और वह लोग आयुष्मान कार्ड का किस तरह से लाभ ले सकते हैं। फिल्म के जरिए यह भी बताया जा रहा है कि देश के तमाम प्रसिद्ध निजी अस्पतालों में भी इस आयुष्मान कार्ड के द्वारा किन– किन बीमारियों का उपचार कराया जा रहा है। सीएमओ डॉ. मधु गैरोला ने बताया कि बिसवां तहसील क्षेत्र में बीती 16 नवंबर से विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक, एलईडी बाइक, वाल पेंटिंग, बैनर, हैंडबिल, पोस्टर आदि माध्यमों से लोगों को आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की जानकारी देकर आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने अपील की है कि पात्र लोग अपना आयुष्मान कार्ड बनवा लें। इससे भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर इस योजना का लाभ उठाया जा सकेगा।

कहां और कैसे बनेगा आयुष्मान कार्ड

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व डिप्टी सीएमओ डॉ. राज शेखर ने बताया कि आयुष्मान कार्ड धारक व उसके परिवारीजन को प्रति साल पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार किया जाता है। इस कार्ड के माध्यम से देश भर के सरकारी अस्पतालों के साथ ही सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में भी निरूशुल्क उपचार कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि कोई भी लाभार्थी अपना आधार कार्ड, राशन कार्ड, श्रमिक बोर्ड से पंजीकृत पहचान पत्र, प्रधानमंत्री या फिर मुख्यमंत्री की चिट्ठी इत्यादि ले जाकर किसी भी जिला अस्पताल, जिला महिला अस्पताल, सीएचसी, जन सेवा केंद्र पर जाकर निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। इसके अलावा चिन्हित आशा, पंचायत सहायक (पंचायत भवन) आदि द्वारा गांवों में कैंप लगाकार आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे।

इन बीमारियों में मिलता लाभ

योजना के जिला कार्यक्रम समंवयक डॉ. अभियान सिंह ने बताया कि योजना के अंतर्गत कुल 2,200 बीमारियों को सम्मिलित किया गया है। जिसमें मातृ स्वास्थ्य और सी–सेक्शन या उच्च जोखिम प्रसव की सुविधा, नवजात और बच्चों के स्वास्थ्य, कैंसर, टीवी, कीमोथेरपी, रेडिएशन थेरेपी, हार्ट बाईपास सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, आंखों की सर्जरी, दिल की बीमारी, किडनी, लीवर, कोरोनरी बायपास, घुटना प्रत्यारोपण, स्टंट डालना, आंख, नाक, कान और गले से संबंधित बीमारियां, डायरिया, मलेरिया आदि भर्ती की स्थिति में निःशुल्क उपचार की सुविधा प्रदेश के विभिन्न आयुष्मान सूचीबद्ध चिकित्सालयों में उपलब्ध है।

फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

तंबौर (सीतापुर)। कस्बे के रेडियन्स इण्टर कॉलेज तंबौर में इंग्लिश मीडियम के विद्यार्थियों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के कक्षा 1ए, 1बी, 1सी तक के विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता का संचालन हाजी अजीज अहमद गौरी की देख–रेख में किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने सुंदर फैंसी ड्रेस की प्रस्तुति दी प्रतियोगिता में डॉ0, वकील, टीचर, आर्मी, राधाकृष्ण, राम, पंजाबी, कृस्चन, शेख की भूमिका निभाई। मंच संचालन मास्टर अफजल हाशमी ने किया। इस प्रतियोगिता में लगभग 38 नन्हे मुंन्हे बच्चों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य मनोज कुमार श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को इस प्रकार की प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यालय स्तर पर बच्चों के चहुंमुखी विकास व विद्यार्थी के अंदर छिपी हुई प्रतिभा को उभारने में बहुत जरूरी है। इस दौरान स्कूल स्टाफ कुलदीप, अब्दुल हफीज, अफजल हाश्मी, सईद अहमद, अब्दुल लतीफ, महेंद्र अवस्थी, सन्तोष, उमेश, अरविंद श्रीवास्तव, माऊन खान, छंगा प्रसाद, अंशुमान पांडेय, सौरभ पांडेय, दिलशान, रवि, अजित, ओसामा, देवेंद्र, जैद सुल्तान, अरुण सिंह, प्रमोद, शिबली, आयशा, सविता, सायमा, अफसाना, शीबा, स्वेता, चंदा, हुस्ना, सबा, शमा, आलिमा, शाहजहां, नूरी आदि की उपस्थिति रही।

घर के बाहर खड़ी पिकअप गाड़ी चोरी

सिधौली (सीतापुर)। कस्बा के मोहल्ला प्रेम नगर में हाइवे स्थित एक घर के बाहर खड़ी पिकअप गाड़ी अज्ञात चोर चोरी कर ले गये। पीड़ित द्वारा सिधौली कोतवाली में सूचना दी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर रही है। बताते है कि रामकिशोर पुत्र परमेश्वर दींन जायसवाल निवासी प्रेम नगर की पिकअप गाड़ी संख्या यूपी 34 ब 7610 हमेशा की तरह उनके घर के सामने खड़ी थी। . सुबह 5 बजे के करीब जब वह लोग उठे तो देखा कि घर के बाहर खडी उनकी पिकअप गायब है। सूचना पुलिस को दी गयी पुलिस ने पहुँचकर कर जांच पड़ताल शुरू की। वहीं बताते है कि निकट स्थित एक घर में लगे सीसीटीवी फुटेज देखे गए जिसमें साफ तौर पर देखा जा सकता है कि एक मारुति इको गाड़ी से तीन लोग उतरते हैं। जिसमें से जो इको चला रहा होता है उसके स्थान पर दूसरा व्यक्ति स्टेयरिंग सँभलता है और एक व्यक्ति खड़ी पिकअप तक जाता है और पिकअप के गेट तक जा कार गेट का लॉक तोड़ चला आता है। उसके कुछ देर बाद दोबारा वह व्यक्ति पिकअप तक जाता है। वहीं तीसरा व्यक्ति बाहर खड़ा रहता है और पिकअप को लेकर सीतापुर की ओर चला जाता है। बताते है कि वाहन स्वामी के मोबाइल पर खैराबाद टोल गेट पर टोलगेट कटने के मैसेज प्राप्त हुआ है। जो सुबह 4 बजकर 48 मिनट का बताया जा रहा है। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज सौंप दी गई है। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।।

विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

बिसवां नगर (सीतापुर)। पूर्व में दिए गए ज्ञापन पर कार्यवाही ना होने से नाराज विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मंशाराम मंदिर में इकट्ठा होकर नारेबाजी करते हुए तहसील परिसर पहुंचे और जिलाधिकारी को संबोधित 10 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम बिसवां को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि पूर्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन देकर शासनादेशों के समाधान की अपेक्षा की गई थी। परंतु स्थानीय प्रशासन द्वारा किसी बिंदु का समाधान नहीं किया। जिससे शासन के छवि धूमिल हो रही है एवं समस्याएं बनी हुई है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि अवैध रूप से संचालित मदरसों की जांच किए जाने व प्रतबंधित पशुओं के वध करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने तथा धार्मिक स्थलों पर ध्वनि यंत्रों को नियंत्रित करने तथा ग्राम नकैला में नमाज के समय आरती बंद कराने की जाँच किये जाने तथा सदरपुर मार्ग मार्ग पर पौराणिक स्थल पर दूसरे समुदाय के द्वारा हरा कपड़ा बांधने की जाँच किये जाने व बिसवां नगर में गौशाला का निर्माण कराने तथा बिसवां पशु चिकित्सालय मे डॉक्टर की तैनाती तथा मानपुर व रेउसा के पशु चिकित्सकों द्वारा फोन न उठाने के विरुद्ध कार्यवाही करने तथा नगर के प्रमुख मार्गों पर खुलेआम संचालित मांस की दुकाओं के विरुद्ध कार्यवाही करने तथा बिसवां लहरपुर मार्ग पर भी धार्मिक स्थल के निकट लगने वाली अंडे की दुकान को हटवाने की मांग की गयी है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि उपजिलाधिकारी बिसवां द्वारा संगठन के लोगों का फोन नहीं उठाया जाता है। इस पर भी कार्यवाही की मांग की गयी है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

20 महा विद्यालयों के 2821 छात्र/छात्राओं को टेबलेट वितरण किया जायेगा– सीडीओ

हरदोई। मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा राना ने अवगत कराया है कि डीजी पोर्टल पर पंजीकृत छात्रछात्रों को टेबलेटध्स्मार्ट फोन वितरण हेतु पंजीकृत लाभार्थियों के सापेक्ष जनपद में उपलब्ध का आवंटन निम्नलिखित महा विद्यालयों को करते हुए 02 दिसम्बर 2022 को वितरण हेतु नोडल अधिकारी नामित किया गया है।उन्होने बताया कि 02 दिसम्बर 2022 को ब्लाक अहिरोरी के बीएनकेडी महा विद्यालय, बृज किशोर निर्मेला देवी महा विद्यालय, कछौना के सुरेश कुमार एसएसपी महा विद्यालय, मशीहुन्नीसा महा विद्यालय, बीएनएस महा विद्यालय महरी, शेख मिस्टर मियां मोहम्मद उमर महा विद्यालय, बेहंदर के श्रीकृष्णा वर्मा महा विद्यालय, मल्लावां के श्री जगन्नाथ प्रसाद महा विद्यालय, आर्दश श्री सदसंस्कृति महा विद्यालय, माधौगंज के बीडीआरके महा विद्यालय, श्री शिवराज महाविद्यालय, महावीर प्रसाद मायावती महा विद्यालय, बावन के श्री राज बहादुर व श्री शिव संकट हरण महा विद्यालय, सुरसा के श्री लाल महेन्द्र व शिव शक्ति महा विद्यालय फर्दापुर, हरियावां के गांधी महा विद्यालय, पिहानी के राना बेनी माधव महा विद्यालय में टेबलेट का वितरण किया जायेगा।सीडीओ ने कहा कि इसी तरह 03 दिसम्बर 2022 को ब्लाक माधौगंज के भगवान देवी मैकू लाल महा विद्यालय व डा0 बीआर अम्बेडर महा विद्यालय तथा ब्लाक सुरसा के डा0 हरि शंकर मिश्रा महा विद्यालय में नोडल अधिकारियों की उपस्थित में टेबलेट वितरण किया जायेगा। उन्होने नामित नोडल अधिकारियों से कहा है कि महा विद्यालय के प्रबन्धक एवं प्राचार्य से समन्वय बनाकर अपनी उपस्थित में टेबलेट का वितरण कराकर फोटो युक्त आख्या निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध करायें।

स्वच्छ मिशन के तहत सेक्रेटरी ने लगाई जन चौपाल

जहांगीराबाद ग्राम सभा को बनाया जायेगा जनपद की माडल ग्राम सभा।

बिसवां नगर (सीतापुर)। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत बिसवां विकासखण्ड की ग्रामसभा जहांगीराबाद का चयन गत दिनों माडल ग्राम सभा के रूप में किया गया है। इस ग्रामसभा को माडल के रूप में विकसित करने के लिये स्वच्छता के सम्बन्ध में ग्रामसभा जहांगीराबाद की खुली बैठक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ग्राम प्रधान साजिदा खातून की अध्यक्षता में .एक दिसम्बर को पंचायत भवन के प्रांगण में आहूत की गयी। इस बैठक में ग्राम पंचायत अधिकारी हरिओम श्रीवास्तव के अलावा पर्यवेक्षक के रूप में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) राजेश कुमार श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। इस मौके पर ग्राम पंचायत सहायक व सदस्यों के अलावा भारी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष भी मौजूद थे। वर्तमान ग्राम सभा की यह पहली खुली बैठक थी। यह बैठक गांवों को स्वच्छ बनाने पर विचार करने के लिये लोगों से विचार विमर्श करने और उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए बुलाई गई थी। बैठक को सम्बोधित करते हुए ग्राम पंचायत अधिकारी हरिओम श्रीवास्तव ने कहा कि यह हम सभी का सौभाग्य है कि जनपद में मेरी ग्राम सभा को पूर्ण स्वच्छ बनाने के लिए माडल ग्राम सभा के रूप में चयनित किया गया है। हम सभी का भी दायित्व बनता है कि शासन की मंशानुरूप अपना कर्तव्य समझ कर इस पुनीत कार्य को सफल बनाने में सहयोग करें।यह सब जनता के सहयोग से ही सम्भव है। बैठक प्रभारी एडीओ पंचायत राजेश कुमार श्रीवास्तव ने सभी उपस्थित सदस्यों और जनता को सरकार द्वारा इसे माडल ग्रामसभा के रूप में विकसित किये जाने में होने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। सभी से इस कार्य में यथा सम्भव जिम्मेदारी निभाते हुए सहयोग की अपील की। इस मौके पर मौजूद क्षेत्रीय लेखपाल नीलेश कुमार यादव ने भी सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि ग्रामसभा को स्वच्छ बनाने में जहां कहीं राजस्व विभाग से ग्रामसभा की भूमि की आवश्यकता पड़ेगी। उसे प्रस्ताव कराकर नियमानुसार ग्रामसभा को उपलब्ध करायी जायेगी। इस ग्रामसभा को पूर्ण स्वच्छ और माडल ग्राम सभा बनाने में सभी के सहयोग की अपील की।

माडल ग्राम सभा के रूप में विकसित करने के लिए प्रस्तावित कार्य

पूरी ग्रामसभा में 35 व्यक्तिगत खाद गड्ढा बनाये जायेंगे इसके अलावा 30 व्यक्तिगत नाडेय खाद गड्ढा भी बनेंगे। 29 सामुदायिक खाद गड्ढा तथा सामुदायिक नाडेय स्थल का चयन कर उसे बनवाया जायेगा।

5 सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट व 63 सामुदायिक कचरा पात्र तथा 40 सामुदायिक प्लास्टिक बैंक भी लगाते जायेंगे। 16 व्यक्तिगत सोकपिट व 87 सामुदायिक सोकपिट तथा 20 फिल्टर चेंबर भी बनेंगे। ग्राम सभा में नालियों के लिए स्थल का चयन किया जाएगा। 21 हैंडपम्प प्लेटफार्म व 40 हैंडपम्प में सोकपिट तथा 44 सिल्ट केचर भी बनेंगे। 26 तालाबों का सौंदर्यीकरण भी किया जायेगा। 20 बीच पिट व 20 सामुदायिक बीच पिट तथा 123 शौचालय रेट्रोफिटंग (मरम्मत) के अलावा और बहुत से गांवों को स्वच्छ बनाने में कार्य किये जायेंगे।

न्यायाधीश हरदोई के आदेश पर ग्राम प्रधान हसरतुन निशा के अधिकार बहाल

हरदोई। विकासखंड कछौना की ग्राम सभा गौसगंज में चुनाव के संबंध में हुई गड़बड़ी को लेकर न्यायालय में एक वाद दायर था। ग्राम प्रधान हसरतुन निशा पत्नी रियाजुल हक के खिलाफ अंजू पत्नी रवीश कुमार ने वाद दायर किया था। दोनों पक्षों के बयान सुनने व साक्ष्यों के आधार पर माननीय न्यायाधीश हरदोई में आदेश जारी किया, हसरतुन निशा बनाम उत्तर प्रदेश पंचायती राज अधिनियम स्वीकार की जाती है। अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित आलोच्य आदेश दिनांक 25 अप्रैल 2022 को नियुक्त किया जाता है। इस आदेश के बाद ग्राम प्रधान हसरतुन निशा के अधिकार बहाल हो जाएंगे, लगभग 10 माह से ग्रामसभा का बंद चल रहा खाता चालू हो जाएगा, जिससे 7 माह से प्रभावित विकास कार्य होना शुरू हो जाएंगे। विपक्षी अंजू पत्नी रवीश कुमार ने इस आदेश के खिलाफ अपील हाईकोर्ट की शरण में जाने की बात कही है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव वर्ष 2021 में ग्राम सभा गौसगंज में निर्वाचन अधिकारी ने हसरतुन निशा को 10 मतों से विजई घोषित करते हुए परिणाम घोषित किया था।मतगणना अधिकारी पर निष्पक्ष सही मतगणना न होने का आरोप लगाते हुए विपक्षी प्रतिद्वंदी अंजू पत्नी रवीश कुमार ने पुनर्मतगणना की मांग की थी। तहसीलदार के निर्देश पर तहसील प्रांगण में पुनर्मतगणना कराई गई थी। जिसमें अंजू पत्नी रवीश कुमार को 2623 मत व हसरतुन निशा को 2618 मत होना पाया गया था। मतगणना का परिणाम सिविल निगरानी के अंतिम निर्णय के अधीन संरक्षित रखा जाएगा। तहसीलदार संडीला द्वारा किसी को भी विजई होने का प्रमाण पत्र नहीं दिया गया, नाही सार्वजनिक रूप से घोषणा की गई कि हसरतुन निशा ने आरोप लगाया तहसील प्रांगण में पुनर्मतगणना में विपक्ष ने अपने राजनैतिक सत्तापक्ष का लाभ उठाते हुए जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में अधिकारियों पर दबाव बनाकर पुनर्मतगणना को प्रभावित किया, दो पक्षों के बयान व साक्ष्यों के आधार पर माननीय न्यायालय के न्यायाधीश ने रिकाउंटिंग के आदेश के द्वारा चुनाव याचिका निरस्त कर दी, वाद को भी निरस्त कर दिया।

कड़कड़ाती तालियों के साथ कुश्ती प्रतियोगिता की शुरुआत

सिधौली (सीतापुर)। कस्बा में स्थित श्री गांधी महाविद्यालय पड़ाव मैदान पर नशा मुक्ति अभियान के तहत कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आपको बताते चलें कि प्रतियोगिता में कई पहलवानों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं यूट्यूब पर एवं युवाओं के दिलों में अपना विशेष स्थान बनाने वाले लाडी बाबा जैसे धुरंधर पहलवान भी इस कुश्ती प्रतियोगिता में अपनी कला दिखाई है एवं सिधौली की जनता के दिलों में अपने विशेष स्थान बनाया है। प्रतियोगिता में कुल 12 पहलवानों ने भाग लिया है। कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन महंत संजय दास बाबा पहलवान हनुमान गढ़ी अयोध्या एवं संतोष दिक्षित, अनिल दिक्षित, राकेश दीक्षित के साथ हिंदू युवा वाहिनी से जिला मंत्री अतुल तिवारी के आयोजन में संपन्न हुई। वहीं मुख्य अतिथि के रुप में सिधौली ब्लाक प्रमुख राम बक्श रावत एवं समाजसेवी ललित मिश्र ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा प्रतियोगिता का मैदान गूंज उठा। इस मौके पर फुरकान गाजी, नागेंद्र दास पहलवान, शैतान पहलवान, अशोक पहलवान, बाघा पहलवान, लाडी बाबा, सचिन पहलवान, रणजीत पहलवान, प्रदीप पहलवान, सुरेंद्र पहलवान, मनोज पहलवान के साथ अन्य पहलवान एवं क्षेत्रवासीगण उपस्थित रहे।

खाने को लेकर पत्नी को पीटा तो फंदा लगाकर की आत्महत्या

कानपुर । बर्रा थाना क्षेत्र के कर्रही में नशे की हालत में घर आए पति का खाने को लेकर पत्नी से विवाद हो गया इस पर उसने उसे पीट दिया। इससे क्षुब्ध होकर महिला ने सुबह फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर स्वजन और बर्रा पुलिस मौके पर पहुंचे जहां उन्होंने पति व ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाया है। बर्रा थाना क्षेत्र के कर्रही निवासी सुरेंद्र राजपूत मजदूरी करते हैं पांच साल पहले नौबस्ता ताजपुर निवासी पिंकी (32) से उनकी शादी हुई थी जिससे चार साल की एक बेटी वैष्णवी है। देर रात सुरेंद्र नशे की हालत में घर आए जहां खाने को लेकर पत्नी से विवाद के बाद उन्होंने पिंकी से मारपीट की। इससे क्षुब्ध होकर पिंकी ने पंखे के कुंडे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह ससुराली जनों ने पिंकी को फंदे पर लटकता देखा तो पुलिस के साथ ही स्वजन को सूचना दी। बर्रा थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और स्वजन की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

75 लीटर अवैध शराब बरामद कर दो भट्ठियों को समाप्त किया

एक ही गांव के दो अलग–अलग ठिकानों पर पुलिस ने छापा मार दो को किया गिरफ्तार

हरदोई।बिलग्राम पुलिस ने अलग–अलग दो ठिकानों पर छापा मारकर एक स्थान से 37 व दूसरे स्थान से 38 कुल 75 लीटर अवैध शराब बरामद कर शराब की भट्ठियों को समाप्त किया।शराब बना रहे दोनों आरोपियों को शराब बनाने के उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया गया है । मिली जानकारी के मुताबिक, शाम को उपनिरीक्षक शिवकुमार को जांच के दौरान ये जानकारी मिली कि परचल रसूलपुर में राम रईस नामक व्यक्ति घर के पीछे दीवार की आड़ करते हुए यूकेलिप्टस पेड़ों की छांव में शराब बना रहा है जिसके बाद छापा मारकर कुल 38 लीटर शराब बरामद करते हुए अवैध शराब के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया गया । वहीं दूसरी ओर परचल रसूलपुर में ही उपनिरीक्षक अनिल कुमार पंकज ने भट्ठे से सामने जाने वाली सड़क पर किनारे जंगल में गांव निवासी राजू शराब की भट्टी से अवैध शराब बना रहा है वहां भी छापा मारकर 37 लीटर शराब व शराब बनाने के उपकरण के साथ राजू को पुलिस ने गिरफ्तार किया।दोनों आरोपियों को कोतवाली बिलग्राम लाया गया।कोतवाल फूल सिंह ने बताया कि कुल 75लीटर कच्ची शराब के साथ दो को गिरफ्तार किया गया है।

प्यार का साइड इफेक्टः गैर आदमी के साथ पत्नी को देखकर भड़क गया पति, सरेआम कर दी थप्पड़ों की

महराजगंज। महराजगंज जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां पनियरा क्षेत्र के एक गांव की महिला को उसके पति ने महराजगंज शहर के एक घर में . प्रधान के साथ पकड़ लिया। उसे घसीटते हुए कमरे से बाहर लाकर मारापीटा। उसपर अपशब्दों की बौछार कर दी। हो हल्ला होता देखकर आसपास के लोग एकत्र हो गए। बाद में महिला ने पुलिस को बयान दिया कि मेरे साथ कुछ नहीं हुआ। जिसपर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। महिला के पति द्वारा उसके मारने पीटने का वीडियो भी कुछ लोगों ने बनाकर वायरल कर दिया है। हुए इस मामले को लेकर तरह तरह की चर्चा होने लगी। बताया जाता है कि महिला जब प्रधान के साथ शहर के एक घर में आई तो इसकी जानकारी किसी ने उसके पति दे दी। पति उसे ढूंढ़ते हुए उस मकान में पहुंचा, जहां वह प्रधान के साथ मौजूद थी। दोनों को साथ देखकर महिला का पति आक्रोशित हो गया। महिला को घसीटते हुए लेकर बाहर आया, फिर पिटाई कर दी। सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार राय ने बताया कि महिला ने कोई आपत्तिजनक बात नहीं कही। महिला के अनुसार उसके साथ कुछ नहीं हुआ है। उसके बयान के आधार पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

छेड़छाड़ के अभियुक्त को चार साल की सजा

महराजगंज। न्यायालय विशेष न्यायाधीश (अनन्य न्यायालय पॉक्सो) विनय कुमार सिंह द्वितीय ने छेड़छाड़ के मामले की सुनवाई करते हुए अभियुक्त को चार साल की सजा सुनाई है। साथ ही पांच हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। मामला 18 अगस्त 2016 का है। पनियरा थाना क्षेत्र के एक गांव के युवक ने गांव की किशोरी के साथ छेड़छाड़ की। किशोरी खेत में घास काटने गई थी। वहीं पर गांव का एक युवक उससे छेड़छाड़ करने लगा। सहायक शासकीय अधिवक्ता विनोद कुमार सिंह ने मामले में गवाही कराने के बाद सजा की मांग की। न्यायालय ने साक्ष्यों एवं गवाही के आधार पर अभियुक्त को यह सजा सुनाई है। अर्थदंड नहीं देने की दशा में छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

ट्रक के चपेट में आने से युवती की मौत

कुशीनगर। जनपद के कसया थाना क्षेत्र के झुगवा गांव के पास नेशनल हाईवे पर बुधवार को ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवती की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों की मदद से घायल युवक को सीएचसी कसया पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जबकि युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस छानबीन में जुटी है। जानकारी के मुताबिक किसी काम से कसया आए देवरिया जिले के रधिया गांव निवासी चंद्ररोशन के बेटे सत्येंद्र बाइक से हाटा, सिंहपुर गांव निवासी 18 वर्षीय बबिता पुत्री सुभाष प्रसाद को उसके घर छोड़ने जा रहे थे। बाइक लेकर वह नेशनल हाईवे पर झुगवा के पास पहुंचे थे तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बबिता ट्रक के पहिए के नीचे आ गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। घायल युवक को पुलिस आनन–फानन सीएचसी ले गई।वहां हालत नाजुक बताकर डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इस संबंध में एसआई मनोज वर्मा ने बताया कि ट्रक ड्राइवर फरार हो गया है। ट्रक को कब्जे में लेकर कार्रवाई की जा रही है।

सिपाही ने यौन शोषण का आरोप लगाने वाली युवती से रचाई शादी

कुशीनगर। सिपाही पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाने वाली युवती से आखिरकार आजमगढ़ के रहने वाले जटहा बाजार थाने में तैनात सिपाही रोशन राय ने मंदिर में गोपनीय ढंग से शादी कर ली। सहकर्मियों ने नव दंपती के सुखद जीवन की कामना की। पिछले एक सप्ताह से इस मामले को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म था। बताते चलें कि जनपद के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र की मूल निवासी व वर्तमान मे कसया थाना क्षेत्र में रह रही एक युवती ने बीते 23 नवंबर को पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल को प्रार्थना–पत्र देकर जटहा बाजार थाने में तैनात सिपाही पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाई थी। युवती ने एसपी को बताया कि सिपाही के कसया थाने में तैनाती के दौरान दोनों एक साल पहले इंटरनेट मीडिया के माध्यम से एक–दूसरे से जुड़े फिर बातें शुरू हुईं। उसके बाद धीरे–धीरे दोनों एक दूसरे से मिलने लगे। नजदीकियां बढ़ी और प्यार हो गया। युवती का आरोप था कि सिपाही ने शादी का आश्वासन देकर हेतिमपुर स्थित एक मकान में किराये का कमरा लेकर साथ रहने लगा। इस बीच वह गर्भवती हो गई। शादी की बात करने पर सिपाही रोशन राय टालता रहा और जबरन गर्भपात करा दिया। अब शादी से भी इनकार कर रहा है। इस दौरान वह अपना स्थानांतरण भी करा लिया। इस पर पुलिस अधीक्षक ने सिपाही व युवती को कार्यालय बुलाकर समझाया। पुलिस अधीक्षक ने सिपाही रोशन राय को एक सप्ताह का समय देते हुए कार्रवाई करने की चेतावनी दी। नतीजतन हुआ यह कि सिपाही ने युवती से शादी कर पूरे मामले का पटाक्षेप कर दिया।

मार्ग दुर्घटना में एक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

कुशीनगर । जनपद के तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के ग्राम अमवा दूबे गांव के समीप कसया–तुर्कपट्टी मार्ग पर ट्रक और बाइक के आमने–सामने हुए भिडन्त में एक युवक की दुर्घटना स्थल पर ही मौत हो गयी जबकि दूसरे की हालत बेहद नाजुक बतायी जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों सगे भाई थे और ससुराल से वापस अपने घर जा रहे थे। जानकारी के अनुसार वृहस्पतिवार की दोपहर कसया थाना क्षेत्र के माधोपुर सखवानिया निवासी सुजीत 27 वर्ष व संदीप 16 वर्ष बाइक पर सवार होकर अपनी ससुराल बरवा राजापाकड़ से घर वापस आ रहे थे। अभी दोनों तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के अमवा दूबे गाँव के पास पहुँचे ही थे कि कसया की तरफ से तेज रफ्तार आ रहे एक ट्रक की चपेट में आ गये। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक चालक सुजीत की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि संदीप की हालत नाजुक बतायी जा रही है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुँची तुर्कपट्टी पुलिस ने घायल संदीप को इलाज हेतु जिला अस्पताल भिजवाया। मृतक सुजीत के शव को अपने कब्जे में ले लिया। इस सम्बन्ध में एसओ आशुतोष सिंह ने बताया कि घटना के बाद शव को कब्जे में लिया गया है। ट्रक चालक और उसके सहयोगी मौका देख फरार हो गयेघ है। थाना प्रभारी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

राष्ट्रीय यूथ वॉलीबॉल में चुने गए छात्रावास के 4 खिलाड़ी, मध्य प्रदेश के पन्ना में होगी चौंपियनशिप

देवरिया। स्पोर्ट्स स्टेडियम के वॉलीबॉल छात्रावास के चार खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय यूथ वॉलीबॉल चौंपियनशिप के लिए होने वाले ट्रायल के लिए हुआ है। 16 से 22 दिसंबर तक यह मध्य प्रदेश के पन्ना में होगी। इसके लिए संभावित यूपी टीम का 15 दिवसीय प्रशिक्षण झांसी में लगने की उम्मीद है। भारतीय वॉलीबॉल महासंघ की देखरेख में होने वाली 25वीं यूथ वॉलीबॉल चौंपियनशिप के लिए यूपी की पुरुष व महिला टीम की चयन प्रक्रिया कानपुर के रामलीला ग्राउंड श्यामनगर में होनी है। इसमें वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर, गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ के अलावा सभी पुरुष व महिला वालीबाल छात्रावास के अलावा उत्तर प्रदेश वालीबाल एसोसिएशन से संबद्घ सभी इकाईयों से जुड़े खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

चयन ट्रायल के लिए देवरिया छात्रावास से आनंद मिश्रा, मो.वसीम सैफी, कौशलेंद्र त्रिपाठी, अमृतराज यादव का भी चयन हुआ है। ये चारों खिलाड़ी कानपुर में चयन ट्रायल देने चले भी गए हैं। छात्रावास के प्रशिक्षक योगेंद्र सिंह ने बताया कि पन्ना शहर में आयोजि होने वाले यूथ वॉलीबॉल चौंपियनशिप में अंडर–21 आयु वर्ग के खिलाड़ी ही हिस्सा लेते हैं। चौंपियनशिप में 29 राज्यों की महिला व पुरुष टीमें प्रतिभाग करेंगी। यूपी की दोनों टीमों के चयन के लिए प्रक्रिया शुरू हुई है। ट्रायल के बाद यूपी टीम का 15 दिवसीय तैयारी प्रशिक्षण शिविर झांसी में लगने की उम्मीद है।

इसमें दोनों टीमों के लिए 18–18 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। फाइनल ट्रायल के बाद यूपी की 12–12 सदस्यीय टीमों का चयन किया जाएगा, जो यूथ चौंपियनशिप में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। उन्होंने बताया कि देवरिया के चार खिलाड़ियों का नाम भी प्रदेश स्तरीय पुरुष टीम के लिए भेजा गया है।

लक्ष्मीपुर को हराकर सवांगीपट्टी ने जीता फाइनल वाईपीएल मैच

कुशीनगर। जनपद के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मथौली बाजार यादव टोला में आयोजित वाईपीएल मुकाबले के फाइनल मैच में सवांगीपट्टी ने लक्ष्मीपुर को हरा विजेता बना। यादव क्रिकेट ग्रुप द्वारा आयोजित रात्रि दुग्गी मैच की शुरुआत सोमवार से शुरू हुआ। तीन रात तक चलने वाले इस प्रतियोगिता में 16 टीमो ने हिस्सा लिया। पहली रात आठ टीमो ने जोर आजमाईस करते हुए चार टीम अगले दौर में पहुँची। बाकी टीम इस लीग से बाहर हो गयी। बाकी सेमीफाइनल में पहुँची चार टीमो का रोमांच मुकाबले के बाद फाईनल लक्ष्मीपुर और सवांगीपट्टी के बीच खेला गया। जिसमे सवांगीपट्टी विजेता रही। यादव टोला मथौली बाजार में चल रहे यादव प्रीमियम लीग रात्रि दुग्गी मैच में चार चार ओवरों के मैच का रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। सेमीफाइनल में पहले मैच की शुरुआत में मुख्य अतिथि समाजसेवी अशोक वर्मा रहे। जो खबराभार और लक्ष्मीपुर के बीच खेला गया। जिसमें लक्ष्मीपुर ने 32 रनों के लक्ष्य पर खबराभार 17 रनों पर सिमट गई। दूसरे मुकाबले में मुख्य अतिथि समाजसेवी अंगद सिंह रहे। जिसमे सवागीपट्टी के 24 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 ही रन बना पाई। इस प्रीमियम लीग के फाईनल मैच की शुरुआत मथौली के पूर्व प्रधान कृष्णमणि उर्फ बब्लू त्रिपाठी रहे। फाइनल मुकाबला लक्ष्मीपुर और सवांगीपट्टी के बीच खेला गया। जिसमें निर्धारित चार ओवरों के मैच में सवांगीपट्टी टॉस जीत बल्लेबाजी किया और 28 रनों का लक्ष्य रखा । जिसका पीछा करते हुए लक्ष्मीपुर निर्धारित चार ओवरों में पाँच विकेट खो कर महज 17 रन ही बना पाई। विजेता और उप विजेता टीम को मुख्यातिथि ने पुरस्कार देकर हौसला बढ़ाया। इस दौरान अमन यादव, आशुतोष यादव, मंदीप यादव, धर्मबीर यादव, विक्की यादव, विशाल यादव, रामपुकार यादव, विकास यादव, दीपक यादव, अभिमन्यु यादव, राज, प्रिंस यादव, दिनेश यादव आदि लोग मौजूद रहे।

एटीएम लूटकांड के सात आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

कैश बॉक्स को गैस कटर से काटकर लूट ले गए थे 21.54 लाख रुपये।

कुशीनगर । बिगत 26 अक्टूबर की रात्रि में जिले के तमकुहीराज थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव में स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम लूटकांड के चार आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया है। गुरुवार की भोर में पुनः एटीएम लूटने की योजना बनाते वक्त इनकी पुलिस से मुठभेड़ हो गई। बदमाशों ने पुलिस पर गोली चलाई तो आत्मरक्षा में हुई जवाबी फायरिंग में गोली लगने से चार बदमाश घायल हो गए। शिनाख्त में तीन बदमाश हरियाणा के और चौथा मथुरा का निवासी निकला। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने दोपहर में अपने कार्यालय में बुलाई गई प्रेस वार्ता में इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि घटना में बदमाशों ने कैश बॉक्स को गैस कटर से काटकर 21. 54 लाख रुपए लूट लिया था। यह घटना जिले की पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन गई थी। खुलासे के लिए पुलिस टीम गठित की गई थी। पटहेरवा थाना के मतलुक छापर गांव के नजदीक गुरुवार की भोर में एटीएम लूटने की योजना बना रहे थे तभी वहां पुलिस पहुंच गई। जिले की स्वाट टीम पटहेरवा, तमकुही राज, पडरौना व खड्डा थाने की संयुक्त पुलिस टीम को देखकर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में चारों बदमाश घायल हो गए। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए अपराधियों में 50 हजार का इनामी बदमाश इकराम कुरैशी बिछोर जिला नूहू मेवात हरियाणा, 25 हजार का इनामी एजाजुल हक हरियाणा, 25 हजार का ही इनामी खालिद पुत्र जलालुद्दीन निवासी पलवल हरियाणा, इकबाल कुरैशी कोसी कला मथुरा के रुप में पहचान हुई है। पकड़े गए चारों बदमाशों को इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कर पुलिस कानूनी कार्रवाई में जुटी है। चारों आरोपियों पर हरियाणा, बिहार व यूपी के विभिन्न थानों में मामले दर्ज हैं। सभी अंतरप्रांतीय अपराधी हैं। इन बदमाशो की गिरफ्तारी में प्रभारी निरीक्षक पटहेरवा गिरिजेश उपाध्याय, तमुकुही राज के नीरज राय, खड्डा के अमित शर्मा, पडरौना के राज प्रकाश सिंह के अतिरिक्त साइबर सेल के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पंत, सर्विलॉस प्रभारी शरद भारती शामिल रहे।

पाकिस्तान, नेपाल, सऊदी अरब, दुबई, मलेशिया, इंडोनेशिया से जुड़े हैं मौलवी अख्तर हुसैन के तार

विश्व हिन्दू महासंघ ने डीएम को सौंपा ज्ञापनः उच्चस्तरीय जांच की मांग

बस्ती । वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के मदरसा दारुल उलूम अलिमिया जमादाशाही में तैनात शिक्षक मौलवी अख्तर हुसैन का मामला गरमाता जा रहा है। शुक्रवार को विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधि मण्डल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर मौलवी अख्तर हुसैन के गतिविधियों की उच्चस्तरीय जांच कराने और उस अनुरूप कार्रवाई किये जाने की मांग किया।

डीएम को सौंपे ज्ञापन में विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा है कि उनके संज्ञान में लाया गया है कि मौलवी अख्तर हुसैन का संबंध पाकिस्तान सहित अनेक इस्लामिक देशों से हैं। वह गजवा ए हिंद की सोच को साकार करने के लिए पूर्वांचल में मुस्लिम युवाओं का ब्रेनवास कर देश के विरुद्ध आतंकी साजिश कर रहा है। उसके सरपरस्ती में बस्ती, संत कबीर नगर, आजमगढ़, अम्बेडकरनगर सहित पूर्वांचल के अनेक जिलों में विदेशी चंदों से मदरसे संचालित किये जा रहे हैं। फंड कलेक्शन के लिए वह अक्सर पाकिस्तान, नेपाल, सऊदी अरब, दुबई, मलेशिया, इंडोनेशिया की यात्रा करता रहता है। उसके द्वारा भड़काऊं साहित्य छपवाकर मदरसों व मुस्लिम बहुल इलाकों में बाटा जाता है।

ज्ञापन में कहा गया है कि संज्ञान में लाया गया है कि मौलवी अख्तर हुसैन आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है। उसके विरूद्ध मस्जिद में दंगा फसाद फैलाने के मामले में थाना कोतवाली खलीलाबाद में मुकदमा अपराध संख्या 478ध्18 अन्तर्गत धारा 147, 148, 452, 336, 323, 504, 506, 427,34 आईपीसी व मुकदमा अपराध संख्या 324ध्21 धारा 323, 504, 506 आईपीसी तथा बस्ती के वाल्टरगंज थाने में मुकदमा अपराध संख्या–0356 धारा 323, 504, 506, 505(2) आइपीसी दर्ज है।

विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने प्रशासन से मांग किया है कि मौलवी अख्तर हुसैन के पाकिस्तानी कनेक्शन व ट्रेरर फंडिंग के रूप में संग्रह किये अकूत सम्पत्ति व उसके व उसके परिवार के अन्य सदस्यों के बैंक खातों की जांच कराई जाय, इसके साथ ही मौलवी अख्तर हुसैन के मोहल्ला –विधियानी, थाना–कोतवाली, खलीलाबाद , संतकबीरनगर के आवास व उसमें मौजूद लाइब्रेरी की रेंडम जाँच कराई जाय। मौलवी अख्तर हुसैन के तैनाती स्थल मदरसा दारुल उलूम अलिमिया जमादाशाही में मौजूद इनके व्यक्तिगत लाइब्रेरी व कमरे की गोपनीय जांच कराई । मौलबी अख्तर हुसैन के विधियानी खलीलाबाद में मौजूद आवास पर इस्लामिक जिला जज संत कबीर नगर का बोर्ड लगा कर चलाये जा रहे अवैध अदालत की जांच कराई जाय। उसके द्वारा अदालत चलाये जाने का समय सायं 5 बजे से रात 10 बजे तक निर्धारित है। जिलाधिकारी को ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से राकेश सिंह, गिरजेश दास, वीरेन्द्र सिंह, संदीप मिश्रा, जय सिंह 'राना' विजयशंकर शुक्ला, आशीष उर्फ कल्लू 'बाबा' सौरभ तिवारी, अजय मिश्र के साथ ही अनेक पदाधिकारी शामिल रहे।

विकास कार्यों की धीमी रफ्तार पर डीएम हुए नाराज, दिए जांच के आदेश

कुशीनगर। अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक स्थली कुशीनगर में विश्व बैंक सहायतित टूरिज्म डेवलेपमेंट प्रोजेक्ट के तहत बौद्ध विपश्यना उपवन में चल रहे विकास कार्यों का जिलाधिकारी रमेश रंजन ने निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की धीमी रफ्तार पर नाराजगी जताई और जांच के आदेश दिए। काविलेगौर हो कि 16 करोड़ की लागत से प्रो–पूअर टूरिज्म डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत– बौद्ध विपश्यना उपवन, राही पर्यटक आवास गृह का उच्चीकरण, फूड प्लाजा, हिरण्यवती नदी पर फुट ओवरब्रिज का निर्माण, कुकुत्था रिवर फ्रंट निर्माण किया जाना है। कुछ पर कार्य चल रहा है तो कुछ योजनाओं पर कार्य शुरू नहीं हुआ है। बौद्ध विपश्यना उपवन के जीर्णोद्धार के लिए चार करोड़ आवंटित है। इसमें बाउंड्रीवाल, पाथ–वे, तालाबों का सौन्दर्यीकरण, विपश्यना के लिए आठ चबूतरों का सुंदरीकरण आदि कार्य चल रहा है। यह कार्य दिसंबर तक पूर्ण होना था। डीएम ने बौद्ध विपश्यना केंद्र का औचक निरीक्षण के दौरान संबंधित लोगों से अबतक हुए विकास कार्यों की जानकारी ली। डीएम निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार देखकर बिफर पड़े और निर्माण कार्य के जांच के आदेश दिए। जिसपर एडीएम उपमा पांडेय, एसडीएम कसया कल्पना जायसवाल और अधिशासी अभियंता मृत्युंजय कुमार ने जांच प्रारम्भ कर दिया है। एडीएम पांडेय ने बताया कि जांच रिपोर्ट डीएम को प्रस्तुत किया जाएगा। उसके बाद आगे की कार्यवाई होगी। इस दौरान तहसीलदार मान्धाता प्रताप सिंह, ईओ प्रेमशंकर गुप्त, पर्यटक सूचना अधिकारी डा प्राण रंजन, प्रोजेक्ट मैनेजर बीएन तिवारी आदि उपस्थित रहे।

विश्व कम्प्यूटर साक्षरता दिवस पर प्रदर्शनी का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला गोरखपुर। गोला क्षेत्र के रामनगर स्थित भितरी दुबौली में चल रही मबी इंस्टिट्यूट ने प्रदर्शनी का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया। विश्व कम्प्यूटर साक्षरता दिवस के अवसर पर मबी इंस्टिट्यूट सेंटर भितरी दुबौली रामनगर, जानीपुर कम्प्यूटर प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को जागरूक करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। संस्था के डायरेक्टर रवि विश्वकर्मा ने यहां उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कम्प्यूटर एक नवीनतम तकनीक है। जो ज्यादातर जगहों पर स्तेमाल किया जाता है। ये कम समय लेकर ज्यादा से ज्यादा काम सम्भव बनाता है। ये कार्यस्थल पर लोगों के श्रम कम कर देता है। अर्थात कम समय और कम श्रमशक्ति उच्च स्तर का परिणाम प्रदान करता है। इस प्रदर्शनी में जनता इण्टर कालेज दुबौली के प्रधानाचार्य डा निर्भय कुमार द्विवेदी, संदीप राय, हरिशंकर राय, करुणाशंकर मिश्र और इस संस्था के शिक्षक एवंम् शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति तिथि बढाने की मांगः मेधा ने सौंपा ज्ञापन

बस्ती । शुक्रवार को मेधा के राष्ट्रीय प्रवक्ता दीन दयाल त्रिपाठी के नेतृत्व में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, समाज कल्याण मंत्री आदि को ज्ञापन भेजा। मांग किया कि छात्र शुल्क प्रतिपूर्ति एवं छात्रवृत्ति की अन्तिम तिथि बढाकर 30 दिसम्बर किया जाय। ज्ञापन सौंपने के बाद दीन दयाल त्रिपाठी ने बताया कि उत्तर प्रदेश में शुल्क प्रतिपूर्ति एवं छात्रवृत्ति फार्म भरने हेतु अन्तिम तिथि 7 नवम्बर निर्धारित थी किन्तु प्रवेश 30 नवम्बर तक लिये गये जिसके कारण अनेक छात्र शुल्क प्रतिपूर्ति एवं छात्रवृत्ति से वंचित हो गये है। समाचार पत्रों में समाचार प्रकाशित हुआ कि तिथि बढाकर 10 दिसम्बर 2022 कर दिया गया है किन्तु अभी तक फार्म नहीं भराये जा रहे हैं। मांग किया कि शुल्क प्रतिपूर्ति एवं छात्रवृत्ति फार्म भरने हेतु अन्तिम तिथि 30 दिसम्बर निर्धारित किया जाय जिससे सभी पात्र छात्रों को लाभ मिल सके। शुल्क प्रतिपूर्ति एवं छात्रवृत्ति फार्म भरने की तिथि बढाने हेतु ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से उमेश पाण्डेय मुन्ना, प्रतीक मिश्र, रूद्र आदर्श पाण्डेय, राहुल तिवारी, गिरीश चन्द्र गिरी, सन्तोष मिश्र, अभिषेक पाण्डेय आदि शामिल रहे।

चेक पोस्ट वैरियर से अवैध वसूली रूकवाने पर डीएम की सराहना

बस्ती। अखिल भारत हिन्दू महासभा की बैठक शुक्रवार को जिलाध्यक्ष केदारनाथ पाठक की अध्यक्षता में लोहिया मार्केट परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक में मड़वानगर टोल टैक्स की निगरानी में चल रहे अवैध तीन चेक पोस्ट वैरियर से वसूली बंद कराये जाने पर जिलाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। जिलाध्यक्ष केदारनाथ पाठक ने कहा कि महासभा द्वारा जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर मांग किया गया था कि तीन अवैध रूप से चल रहे चेक पोस्टों से वसूली बंद कराया जाय। डीएम ने उसे गंभीरता से लिया और वसूली बंद हो जाने से लोगों ने राहत महसूस किया है। कहा कि जनहित के सवालों को लेकर अखिल भारत हिन्दू महासभा निरन्तर रचनात्मक संघर्ष करेगी। बैठक में मुख्य रूप से महंथ दिनेश दास, राम प्रताप यादव, त्रयम्बक दूबे, हरीश पाठक, राहुल पाठक, विशाल प्रजापति, दिलीप दास आदि उपस्थित रहे।

प्रयाग पब्लिक स्कूल के बच्चों ने दूसरा वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया

बच्चों ने मन भावन कार्यक्रम पेशकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। प्रयाग पब्लिक स्कूल सन्दौली उमारपुर बाराबंकी में वार्षिकोत्सव धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कवि,अध्यापक व पूर्व सांसद राज्यसभा व लोकसभा उदय प्रताप सिंह यादव ने दीप जलाकर किया। उन्होंने बच्चों से मंजिल पाने के लिए कड़ी मेहनत करने व सुसंस्कारित बनने को कहा। अनुशासन पर जोर दिया। आज के बच्चे देश के कल के कर्णद्धार हैं। उन्हें अच्छा नागरिक बनाने के लिए अध्यापकों के साथ ही अभिभावकों की बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने स्कूल की उपलब्धियों की सराहना की। कार्यक्रम के शुभ अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय प्रत्यायन फोरम (ए।ब्) द्वारा स्कूल को प्रबंधन गुणवत्ता का प्वि 901.2008 का प्रमाणपत्र रिसर्च आर्गेनाइजेशन के प्रतिनिधि राजेश द्वेवेदी द्वारा दिया गया। विशिष्ट अतिथि बाराबंकी सदर विधायक धर्मराज सिंह यादव ने कहा कि बच्चों को रूचिकर शिक्षा देने के साथ ही उनका सामान्य ज्ञान बढ़ाने की कोशिश होनी चाहिए पूर्व क्प्ळ हरीश कुमार ने बच्चों को शिक्षा के अनेक टिप्स दिए। अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई में घर पर भी ध्यान देने को कहा। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को इस मौके पर सम्मानित भी किया गया। सम्मान समारोह में उन्हें ट्राफियां व सर्टिफिकेट दिए गए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रबंधक राम चंद्र यादव ने सभी का स्वागत किया। प्रधानाचार्या ज्योति यादव ने सभी का आभार जताया। बच्चों ने अपने कार्यक्रमों की शुरूआत सरस्वती की वंदना और स्वागत गीत गाकर किया। इसके अलावा बच्चों ने जल ही जीवन है और जागरुकता अभियान पर नाटक भी प्रस्तुत किया। क्लासिकल और राजस्थानी डांस की भी शानदार प्रस्तुति देकर अभिभावकों का मन मोह लिया। वहां, समाजशास्त्री मनीष हिंदवी, रिटायर्ड मा जिला जज ठ क नकवी, राष्ट्रीय किसान मंच के अध्यक्ष शेखर दीक्षित, प्रसिद्ध उद्योगपति लाल बहादुर सिंह,पूर्व चेयरमैन जग नायक सिंह यादव, अखिल भारतीय यादव महासभा के सचिव प्रमोद चौधरी समेत बड़ी संख्या में अभिभावक और शिक्षक मौजूद थे।

सड़क हादसे में एक मौत तीन हुए घायल

दैनिक बुद्ध का संदेश

मसौली/बाराबंकी। शुक्रवार की दोपहर लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित सफदरगंज चौराहे पर हाईवे पार करने के लिए खड़े दो बाइको को अनियंत्रित प्राइवेट एम्बुलेंस ने टक्कर मार दी दुर्घटना में घायल एक युवक की मौत हो गयी तथा महिला सहित तीन लोग घायल हो गये जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार की दोपहर उस समय बड़ी दुर्घटना हो गयी जब रामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर खरगी निवासी 35 वर्षीय आयूष कुमार वर्मा पुत्र रज्जन अपने छोटे भाई अमित के साथ बाईक नम्बर यूपी 41 ए वी 4294 से जैदपुर की ओर से सफदरगंज की ओर आ रहा था तथा सामने से रामपुर भवानीपुर निवासी रविशंकर वर्मा पुत्र शिवाकांत अपनी पत्नी शशि वर्मा के साथ बाइक नम्बर यूपी 41 एल 6338 से आ रहे थे। उसी दौरान सफदरगंज की ओर से आ रही कार नम्बर यूपी 32 एन ए 0511 में अयोध्या की ओर से तेज रफ्तार से आ रही अनियंत्रित प्राइवेट एम्बुलेंस नम्बर यूपी 42 टी 6525 ने कार में टक्कर मारते हुए दोनों बाइको को चपेट में ले लिया जिससे महिला सहित तीन लोग घायल हो गये जिन्हें एम्बुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जिसमें 35 वर्षीय आयुष वर्मा की मौत हो गई तथा तीनो अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है वही जानकारी मिली है कि कार सवार फतेहचंद जगदीशरॉय इंटर कालेज के प्रवक्ता हरीश रावत व एम्बुलेंस में भर्ती मरीज के भी आंशिक चोटें आयी है। पुलिस ने मृतक का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत क्षेत्र पंचायत सदस्यों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। म्योरपुर स्थानीय ब्लॉक सभागार में उप निदेशक (पंचायत) विंध्याचल मंडल के निर्देशन में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत क्षेत्र पंचायत सदस्यों को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आये क्षेत्रीय विधायक रामदुलार गोंड़ व ब्लॉक प्रमुख मानसिंह गोंड़ ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वल्लित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रथम दिन क्षेत्र पंचायत सदस्यों को प्रशिक्षण के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में राजेश तिवारी (वरिष्ठ फैकलिटी डीपीआरसी सोनभद्र) ने राष्ट्रीय ग्रामीण स्वराज्य अभियान के बारे में जानकारी दिया। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी नीरज तिवारी ,एडीओ पंचायत रविदत्त मिश्र, प्रशिक्षक विनय कुमार भाष्कर, प्रशिक्षण कार्यक्रम संयोजक सादिक अंसारी, अखिल पटेल इत्यादि लोग मौजूद रहे।

महुआंव पाण्डेय में ग्रामीण अंचलों के युवा क्रिकेटर प्रतियोगिता में बिखेर रहे हैं प्रतिभा

दैनिक बुद्ध का संदेश

घोरावल/सोनभद्र। जिले के घोरावल तहसील क्षेत्र अंतर्गत महुआंव पांडेय गांव में चल रहे जामवंती पांडेय स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को खजुरौल की टीम और जंग बहादुर इंटर कॉलेज की टीम के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। खजुरौल की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 62 रन बनाए, जिसके जवाब में मैदान में उतरी जंग बहादुर इंटर कॉलेज की टीम ने 4 विकेट से मैच को जीत लिया। इस मैच के प्लेयर ऑफ द मैच सूरज कुमार रहे। बताते चलें कि क्रिकेट प्रतियोगिता का यह आयोजन युवा समाज सेवी व प्रखर वक्ता चंद्रशेखर पांडेय द्वारा अपनी माता जी की स्मृति में कराया जा रहा है। प्रतियोगिता में क्षेत्र के ग्रामीण अंचल के युवाओं को अपने अपने खेल का प्रदर्शन करने का भरपूर अवसर प्राप्त हो रहा है। इतना ही नहीं आयोजन समिति की ओर से अच्छा प्रदर्शन करने वाले युवा क्रिकेटर को मेडल प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। इस अवसर पर आयोजक समिति के अजय धर द्विवेदी, दीपक शर्मा, प्रदीप तिवारीढ अभिषेक द्विवेदी, निखिल द्विवेदी, आलोक द्विवेदी, रामकेश कुशवाहा, नीरज गौतम, दिलीप, गुड्डू जायसवाल, जय प्रकाश, जितेंद्र आदि मौजूद रहे।

अभय शर्मा विश्व दिव्यांग दिवस पर लखनऊमें एक कार्यक्रम का करेंगे शुमारंभ

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। इण्डियन स्टैंडअप कॉमेडियन अभय शर्मा विश्व दिव्यांग दिवस पर लखनऊ में बी द लाइट कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। जनपद सोनभद्र के मूल निवासी कई टीवी शो पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके अभय कुमार शर्मा देश विदेश तक चर्चित हो चुके है। सोनभद्र का पताका पूरे देश भर में फैला रहे अभय शर्मा तीन दिसम्बर विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर लखनऊ के शहीद पथ स्थित जयपुरिया स्कूल में बी द लाइट कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। दृष्टि बाधित होने के बावजूद भी अभय लोगों के लिए एक प्रेरणा बने और दिव्यांग दिवस के अवसर पर ऐसे महान और प्रेरणाश्रोत व्यक्तित्व को देश के कोने–कोने से इतना सम्मान मिलना निश्चय ही सोनभद्र के लिये गौरव का विषय है। वहीं देवेश मिश्रा गुरु, समाजसेवी सौरभ कान्त पति तिवारी एंव आशीष पाठक ने कहा कि हम गौरवशाली है कि अभय जी जैसी शख्शियत हमारे बीच मे है और उन्हें बड़े बड़े अवसर प्राप्त हो रहे है। जिससे हमारे जनपद का नाम देश दुनिया तक पहुंच रहा है। स्वामी अरविन्द सिंह, चन्द्रभान गुप्ता, नवीन कुमार सिंह, नीरज शर्मा, शाहिद खान, गुलाब प्रसाद देशमुख, त्रिभुवन यादव, सर्वेश शुक्ला आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए अभय को शुभकामनाएं दी है।

बुद्ध का संदेश

(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक

स्व. के.सी. शर्मा

सम्पादक

राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459

दैनिक बुद्ध का संदेश

9795951917,9415163471

@budhakasandesh

budhakasandeshnews@gmail.com

www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

जिलाधिकारी	मो0:– 9454417530
मुख्य विकास अधिकारी	मो0:– 9454464749
एस डीएम नौगढ़	मो0:– 9454415936
एस डीएम बांसी	मो0:– 9454415937
एस डीएम डुमरियागंज	मो0:– 9454415939
एस डीएम इटवा	मो0:– 9454415939
एस डीएम शोहरतगढ़	मो0:– 9454415940
पुलिस अधीक्षक	मो0:– 9454400305
थाना मोहाना	मो0:– 9454404239
थाना जोगिया उदयपुर	मो0:– 9454404235
थाना गोलौरा	मो0:– 9454404233
थाना पथरा बाजार	मो0:– 9454404240
थाना त्रिलोकपुर	मो0:– 9454404243
थाना उसका बाजार	मो0:– 9454404244

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

थाना शोहरतगढ़	मो0:– 9454404241
थाना खेसरहा	मो0:– 9454404236
थाना इटवा	मो0:– 9454404234
थाना चिल्हिया	मो0:– 9454404229
थाना ढेबरूआ	मो0:– 9454404230
थाना भवानीगंज	मो0:– 9454404228
थाना मिश्रौलिया	मो0:– 9454404238
थाना सि0नगर	मो0:– 9454404242
थाना डुमरियागंज	मो0:– 9454404232
थाना लोटन	मो0:– 9454404237
महिला थाना	मो0:– 9454404891

निर्वाचन नामावली का पुनरीक्षण रविवार तक

दैनिक बुद्ध का संदेश

घोरावलध्सोनभद्र। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचन नामावलियों का पुनरीक्षण के अंतर्गत 4 दिसंबर रविवार को विशेष अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान को अंतिम विशेष अभियान का नाम दिया गया है। उपजिलाधिकारी श्याम प्रताप सिंह ने बताया कि 9 नवंबर से 8 दिसंबर तक नामावली में दावे और आपत्तियों का निस्तारण होना है। बता दें आगामी 4 दिसंबर को विशेष अभियान में बूथ लेबल के अधिकारियों को सुबह 10 बजे से 4 बजे तक विभिन्न प्रकार के फॉर्म के साथ उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। इस विषय में उपजिलाधिकारी श्याम प्रताप सिंह ने बताया कि 4 दिसंबर को विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बूथध्मतदेय स्थलों पर मतदाता अपने मतदाता सूची में अपने नाम का निरीक्षण कर सकते हैं। नाम बढ़ाए जाने के लिए फार्म 6 का प्रयोग सकते हैं जो वहीं बूथ पर उपलब्ध रहेगा। इसी प्रकार आधार नंबर की सूचना के लिए फार्म 6ख का प्रयोग करेंगे। वहीं नाम अपमर्जित किए जाने के लिए फार्म 7 का प्रयोग कर सकेंगे। मतदाता निवास स्थांतरण की दशा में फार्म 8 का प्रयोग करना होगा। उपजिलाधिकारी ने आम जन से विशेष अभियान को सफल बनाने के लिए अपील की।

पुलिस लाइन्स की शाखाओं का निरीक्षण, दिया दिशा–निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स में आयोजित परेड में प्रतिभाग कर सलामी ग्रहण की गयी। इसके पश्चात पुलिस लाइन्स की बैरक, यातायात कार्यालय, व्यायामशाला, कैंटीन, पुलिस अस्पताल, पुलिसकर्मियों के लिए संचालित मेस में स्वयं भोजन कर खाने की गुणवत्ता जांची एवं अन्य शाखाओं का निरीक्षण किया गया एवं पीआरवी पर नियुक्त पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान निष्पक्षता पूर्वक कार्य करने व पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइन्स परिसर को स्वच्छ रखने हेतु प्रेरित करते हुए अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन सुमित त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक सुभाष चन्द्र मिश्रा एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

जागरूता से संभव है एचआईवी संक्रमण से बचाव:डा. वी.के. वर्मा

बस्ती। पटेल एस.एम.एच. हास्पिटल एण्ड पैरा मेडिकल कालेज गोटवा के सभागार में रोटरी क्लब बस्ती ग्रेटर द्वारा विश्व एड्स दिवस पर केन्द्रित संगोष्ठी का आयोजन किया गया। क्लब अध्यक्ष एवं होम्योपैथ के वरिष्ठ चिकित्सक डा. वी.के. वर्मा ने कहा कि एड्स एक जान लेवा बीमारी है। सजगता से ही बचाव संभव है। डा. वर्मा ने कहा कि एचआईवी संक्रमण एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। एचआईवी का पूरा नाम ह्यूमन इम्युनोडेफिशिएंसी वायरस है। एचआईवी संक्रमण शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को टारगेट करके शरीर को कमजोर करता है। इम्यूनिटी कमजोर होने से वक्त के साथ लोगों में अन्य गंभीर प्रकार के संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। आगे चलकर एचआईवी संक्रमण एक्वायर्ड इम्युनो डेफिसिएंशी सिंड्रोम यानी एड्स का रूप ले लेता है। मौजूदा समय में वैश्विक आंकड़ों के मुताबिक, लगभग 3.7 करोड़ से अधिक लोग एचआईवी एड्स की गंभीर समस्या के शिकार हैं। साल 2020 की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस बीमारी के कारण सात लाख के करीब लोगों की मौत हो गई। एचआईवी संक्रमण एक लाइलाज समस्या है, जिसकी अब तक कोई दवाई या टीका नहीं बना। लेकिन विशेषज्ञों ने एचआईवी से बचाव के उपाय बताएं हैं, जिनका पालन कर एड्स के खतरे से बचा जा सकता है। डा. आलोक रंजन ने कहा कि थोड़ी सी सावधानी एड्स जैसी जानलेवा बीमारी से हमें बचा सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक, एड्स खुद में कोई बीमारी नहीं, लेकिन लेकिन इससे पीड़ित शरीर प्राकृतिक प्रतिरोधी क्षमता को खो देता है। इसकी वजह होता है एचआईवी। एचआईवी एक वायरस है जो संक्रमण के कारण होता है। शरीर में एचआईवी संक्रमण के प्रसार के कई कारण हो सकते हैं। कहा कि असुरक्षित यौन संबंध बनाने, संक्रमित व्यक्ति के रक्त के माध्यम या गर्भावस्था में प्रसव के दौरान संक्रमित मां से बच्चे तक एचआईवी फैल सकता है। एचआईवी एड्स के सबसे अधिक मामले असुरक्षित यौन संबंध बनाने के कारण देखने को मिलते हैं।

सिरदर्द से परेशान हैं तो इन 5 चीजों के सेवन से बचें, बढ़ सकती है समस्या

सिरदर्द के कारण कई लोग काफी असहज और विचलित हो जाते हैं और उससे छुटकारा पाने के लिए दर्द निवारक दवाइयों का सेवन करने लगते हैं। हालांकि, ये दवाइयां भी आपको तब तक पूरी तरह राहत नहीं दिला सकती है, जब तक कि आप इस समस्या को बढ़ाने वाली खान–पान की चीजों का सेवन करते रहेंगे। आइए आज हम आपको पांच ऐसी खान–पान की चीजों के बारे में बताते हैं, जिनका सेवन सिरदर्द को बढ़ाने का कारण बन सकती हैं।

दुग्ध उत्पाद

दुग्ध उत्पाद कई पोषक तत्वों के भरपूर होते हैं, लेकिन अगर कभी सिरदर्द हो तो दूध या फिर चीज जैसे दुग्ध उत्पादों से परहेज करना ही बेहतर होगा। दूध सिरदर्द सिरदर्द को बढ़ाने का सामान्य कारण माना जाता है। अगर आप लैक्टोज को सहन करने में अक्षम हैं तो फिर यह आपके लिए और भी घातक सिद्ध हो सकता है। इसी तरह चीज में टायरामाइन नामक खास तत्व होता है, जो रक्त वाहिकाओं को सिकोड़कर सिरदर्द बढ़ाता है।

खट्टे फल

खट्टे फल विटामिन– सी का बेहतरीन स्त्रोत होते हैं, जिस कारण इनका सेवन स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक माना जाता है। हालांकि, ज्यादातर खट्टे फलों में विटामिन– सी समेत ऑक्टोपामाइन नामक तत्व मौजूद होता है, जो सिरदर्द को बढ़ाने का कारण बन सकता है। जो लोग खट्टे फल बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं, उन्हें भी संतरा, मौसमी, नींबू और अंगूर का सेवन करने से सिरदर्द की समस्या हो सकती है।

आर्टिफिशियल मिठास

आजकल बाजार या फिर ऑनलाइन ग्रॉसरी साइट्स पर ऐसी खान–पान की चीजें आसानी से उपलब्ध हैं, जो आर्टिफिशियल मिठास से युक्त होती हैं। हालांकि, सिरदर्द के रोगियों के लिए ऐसी चीजों का सेवन परेशानी बढ़ा सकता है। इसका कारण है कि आर्टिफिशियल मिठास शरीर में डोपामाइन के स्तर को कम कर सकती है, जिससे सिरदर्द बढ़ सकता है। ऐसे में सिरदर्द की समस्या से परेशान लोगों को ऐसी चीजों का सेवन करने से बचना चाहिए।

चॉकलेट

चॉकलेट बच्चों से लेकर बड़ो तक सभी को बहुत पसंद आती है। हालांकि, सिरदर्द होने पर इसका सेवन नहीं करना चाहिए। इससे आपकी समस्या बढ़ सकती है। चॉकलेट में कैफीन और टायरामाइन मौजूद होता है और ये सिरदर्द बढ़ाने में सहायक होते हैं। ऐसे में चॉकलेट के चार–पांच टुकड़े चॉकलेट खाने से आपको तेज सिरदर्द हो सकता है। हालांकि, चॉकलेट खाने की तेज इच्छा होने पर सीमित मात्रा में डार्क चॉकलेट का सेवन किया जा सकता हैं।

चाय या कॉफी

बहुत से लोग सिरदर्द होने पर चाय या फिर कॉफी का सेवन करना सही समझते हैं, जबकि ये पेय पदार्थ आपकी समस्या को बढ़ाने की वजह बन सकते हैं। दरअसल, ये पेय पदार्थ कैफीन युक्त होते हैं और अगर आप इनका सेवन सिरदर्द होने पर करते हैं तो इससे दर्द और ज्यादा बढ़ सकता है। इनकी बजाय ज्यादा से ज्यादा पानी पीएं। यह सिरदर्द को कम करने में काफी मदद कर सकता है।

साड़ी पहने अप्सरा सी दिखीं रुबीना दिलैक, एलिगेंट लुक ने जीते लाखों फैंस के दिल

बॉलीवुड एक्ट्रेस रुबीना दिलैक हमेशा से अपने बेबाक अंदाज से फैंस का दिल जीतती हुई आई हैं। एक्ट्रेस हाल ही में अपने लेटेस्ट लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में बनी

हुई हैं। रुबीना दिलैक हर समय फैंस के बीच अपनी ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं, जो तेजी से फैंस के बीच वायरल होने लग जाती हैं। एक्ट्रेस रुबीना दिलैक अपनी ग्लैमरस तस्वीरों से इन दिनों सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौर रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपना लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट फैंस के बीच शेयर किया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस रुबीना दिलैक का बेहद ही स्टाइलिश अंदाज एक बार फिर से कैमरे में कैद हो गया है। अपनी लेटेस्ट फोटोज में एक्ट्रेस रुबीना दिलैक ने सिल्वर साड़ी पहनी हुई है, जिसमें एक्ट्रेस ने बेहद ही स्टाइलिश कटआउट डीप नेक ब्लाउज वेयर किया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस अपना कर्वी फिगर और हॉट अदाएं दिखाते हुए फोटोज क्लिक करवा रही हैं। रुबीना सोशल मीडिया के जरिए फैंस के साथ हमेशा जुड़ी हुई रहती हैं। फैंस भी एक्ट्रेस की एक झलक पाने के लिए उनकी तस्वीरों बेसब्री से इंतजार करते रहते हैं। रुबीना दिलैक सोशल मीडिया पर हमेशा छाई हुई रहती हैं। इन दिनों अपने काम से ज्यादा अपनी तस्वीरों को लेकर चर्चाओं में हैं।

सैम बहादुर की रिलीज डेट का ऐलान, विक्की कौशल ने शेयर किया फिल्म का टीजर

विक्की कौशल आने वाले दिनों में एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगे। सैम बहादुर उनकी आने वाली बहुचर्चित फिल्मों में शुमार है। फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि इसमें विक्की भारत के महानतम युद्ध नायकों में से एक सैम मानेकशॉ का जीवन पर्दे पर उतारने वाले हैं। अब फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ गई है। विक्की ने सोशल मीडिया पर टीजर शेयर कर यह ऐलान किया है। आइए जानते हैं दर्शकों के बीच कब आएगी सैम बहादुर।

विक्की ने इंस्टाग्राम पर टीजर शेयर कर लिखा, 365 दिन बचे हैं.... 1 दिसंबर, 2023 को सैम बहादुर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। टीजर में विक्की सैम बहादुर के अवतार में नजर आ रहे हैं। हालांकि, इसमें उनका चेहरा नहीं दिखाया गया। वह भारतीय सेना की वर्दी में दिख रहे हैं। कैमरे की तरफ उनकी पीठ है और वह आगे बढ़ते जा रहे हैं। उनके दोनों तरफ सेना के जवान खड़े हैं। यह फिल्म मेघना गुलजार के निर्देशन में बनी है।

विक्की इस फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया था कि वह 2022 में सैम बहादुर की शूटिंग का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में भारत के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की शौर्यगाथा को पेश किया जाएगा, जिसे विक्की पर्दे पर पेश करेंगे। अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा फिल्म में उनकी पत्नी का किरदार निभा रही हैं, वहीं फतिमा सना शेख भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका में दिखने वाली हैं।

सैम मानेकशॉ देश के सबसे महान फौजी अफसरों में से एक थे। उन्हें कई पुरस्कारों से नवाजा गया था। 1973 में सैम मानेकशॉ को फील्ड मार्शल की उपाधि से नवाजा गया। वह इस पद से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय जनरल थे। 1972 में भारत सरकार ने उन्हें पद्म विभूषण से भी सम्मानित किया। 1973 में सेना प्रमुख के पद से रिटायर होने के बाद वह वेलिंग्टन चले गए। वेलिंग्टन में ही 2008 में उनकी मृत्यु हो गई थी।

अजय देवगन मैदान में फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम तो गोरखा में अक्षय कुमार युद्ध नायक मेजर जनरल इयान कार्डोजो बने हैं। पिप्पा में ईशान खट्टर ब्रिगेडियर बलराम सिंह मेहता बने हैं, वहीं चकदा एक्सप्रेस से अनुष्का शर्मा, झूलन गोस्वामी की कहानी ला रही हैं।

विक्की जल्द ही फिल्म गोविंदा नाम मेरा में भी दिखाई देंगे। इसमें उनके साथ भूमि पेडनेकर और कियारा आडवाणी नजर आएंगी। इसके अलावा वह निर्देशक लक्ष्मण उतेकर की एक फिल्म में काम कर रहे हैं, जिसमें उनकी जोड़ी सारा अली खान के साथ बनी है। फिल्म द ग्रेट इंडियन फैमिली भी विक्की के खाते से जुड़ी है। वह आनंद तिवारी की अगली फिल्म का हिस्सा हैं और शाहरुख खान अभिनीत फिल्म डंकी में भी उनका किरदार बेहद अहम है।

जुबिन नौटियाल के फैंस के लिए बुरी खबर, सीढ़ियों से गिरने के बाद हुए घायल, सिर और पसली में लगी चोट

जाने–माने गायक जुबिन नौटियाल को लेकर एक बड़ी खबर

आ रही है। जानकारी के मुताबिक जुबिन नौटियाल अपने घर में सीढ़ियों से गिर गए जिसकी वजह से उनकी कोहनी टूट गई है। इसके अलावा उनकी पसलियों और सिर में भी चोट आई है। साथ ही साथ उनके माथे में भी चोट की खबर है। मिल रही जानकारी के मुताबिक फिलहाल सिंगर को मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खबर यह भी आ रही है कि उनके दाहिने हाथ का ऑपरेशन भी होगा। फिलहाल उन्हें डॉक्टरों की ओर से पूरी तरीके से आराम की सलाह दी गई है और दाएं हाथ का इस्तेमाल नहीं करने की बात कही गई है। आपको बता दें कि जुबिन नौटियाल देश के जाने–माने सिंगर हैं। हाल में ही उनका एक गाना तो सामने आए रिलीज हुआ था। इसे उन्होंने योहानी के साथ गाया था। गुरुवार को ही यह गाना लॉन्च हुआ था। फिलहाल जुबिन नौटियाल युवाओं के पसंदीदा सिंगर हैं। उनका हर गाया हुआ गाना काफी हिट होता है। उनके हिट गानों की सूची काफी लंबी है। इसमें रात लंबिया, लूट गए, हमनवा मेरे, तु ही आना, बेवफा तेरा मासूम चेहरा, तुझे कितना चाहने लगे हम शामिल है। अपनी आवाज के साथ साथ अपने लुक को लेकर भी जुबिन नौटियाल काफी मशहूर है। आपको बता दें कि जुबिन नौटियाल का जन्म 14 जून 1989 को देहरादून में हुआ था। उनके पिता, राम शरण नौटियाल, उत्तराखंड में एक व्यापारी और राजनीतिज्ञ हैं। उनकी माँ, नीना नौटियाल, एक व्यवसायी महिला हैं। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा आठवीं कक्षा तक सेंट जोसेफ अकादमी, देहरादून से की। स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद, वह 2007 में मुंबई चले गए और मीठीबाई कॉलेज में दाखिला लिया। उन्होंने संगीत में प्रशिक्षण लेना जारी रखा (वाराणसी में पंडित छन्नूलाल मिश्रा के अधीन) और बॉलीवुड में कदम रखा।

लाल सेब बनाम हरा सेब: दोनों में से किसका सेवन स्वास्थ्य के लिए है बेहतर?

अच्छे स्वास्थ्य के लिए सेब का सेवन फायदेमंद माना जाता है, लेकिन इसकी कई किस्में होती हैं। ज्यादातर लोग हरे और लाल सेब को लेकर उलझन में रहते हैं कि इनमें से किसका सेवन स्वास्थ्य के लिए ज्यादा बेहतर है। अगर आप भी इसी कशमकश में रहते हैं तो आपको बता दें कि दोनों सेबों में ज्यादा अंतर नहीं है। आइए जानते हैं कि लाल सेब और हरे सेब में से कौन सा सबसे ज्यादा स्वास्थ्यवर्धक है।

हरे सेब में कौनसे पोषक तत्व मौजूद रहते हैं?

हरे सेब स्वाद में खट्टे होते हैं और इनका छिलका मोटा होता है। हरे सेब में लाल सेब की तुलना में विटामिन– ए, विटामिन– बी, विटामिन– सी, विटामिन– ई और विटामिन– के की अच्छी–खासी मात्रा मौजूद होती है। इसी तरह हरे सेब में लाल सेब की तुलना में अधिक आयरन, पोटैशियम, प्रोटीन भी होता है। इसके अलावा हरे सेब में कार्बोहाइड्रेट की कम मात्रा के साथ शुगर भी कम होती है।

लाल सेब में कौनसे पोषक तत्व होते हैं?

लाल सेब का स्वाद मीठा और रसीला होता है। इसका छिलका पतला, रसीला और लाल होता है। इसके छिलके का लाल रंग एंथोसायनिन नामक विशेष तत्व की उपस्थिति के कारण होता है। लाल सेब में हरे सेब की तुलना में पोषण मूल्य कम होता है और इसमें शुगर की मात्रा भी अधिक होती है। हालांकि, इस सेब में एंटी–ऑक्सीडेंट गुण की उच्च मात्रा मौजूद होती है।

लाल और हरे सेब में प्रमुख अंतर समेत फायदे

लाल और हरे सेब के छिलके का रंग अलग–अलग होता है और इनका स्वाद भी एक–दूसरे से भिन्न होता है। इनके फायदों की बात करें तो हरे सेब का सेवन वजन घटाने में मदद कर सकता है। इसके अतिरिक्त, यह सेब पाचन, फेफड़े और किडनी के लिए सबसे ज्यादा लाभदायक साबित हो सकता है। लाल सेब का सेवन हृदय को स्वस्थ रखने में मददगार है और इसका सेवन रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती प्रदान करने में भी सक्षम है।

लाल और हरे सेब में से स्वास्थ्य के लिए ज्यादा बेहतर कौनसा है?: अब बारी आती है यह उलझन दूर करने की कि लाल और हरे सेब में से किसका सेवन स्वास्थ्य के लिए ज्यादा बेहतर है। हरे सेब के कुछ पौष्टिक तत्व लाल सेब से थोड़े ज्यादा हैं और कैलोरी के मामले में भी लाल सेब से बेहतर है। इसलिए सीमित मात्रा में हरे सेब का सेवन स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। हालांकि, ऐसा नहीं है कि लाल सेब के सेवन से कोई नुकसान होता है।